मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# यूपी मंत्रिमंडल विस्तार में खाली हाथ रह गई सियासत की ऊर्जाभूमि

प्रदेश सरकार के नौ साल में अयोध्या से नहीं बन पाया कोई मंत्री

## सत्तादल के विधायकों के समर्थकों में महसूस की जा सकती निराशा, सियासी हलके में लोकसभा चुनाव परिणाम से भी जा रहा जोड़ा

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** यूपी मंत्रिमंडल विस्तार में सियासत की ऊर्जाभूमि एक बार फिर खाली हाथ रह गई। प्रदेश सरकार के नौ साल में अयोध्या का कोई भी विधायक मंत्री नहीं बन पाया, जबकि एक से बढ़कर एक राजनीति के धुरंधर अयोध्या से विधायक हैं। मंत्री बनने की उम्मीद पाले विधायकों के समर्थकों में खासी निराशा महसूस की जा सकती है। यह अलग बात है कि सत्ता दल से विपक्ष तक के लोग चुटकी लेकर बात टाल देते हैं कि जब पीएम मोदी और सीएम योगी की अयोध्या पर सीधी नजर तो मंत्री की जरूरत कहां हैं? लोकसभा चुनाव की हार को भी वर्तमान परिस्थितियों से जोड़ा जा रहा है।

साल 2027 में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसमें एक साल से भी कम समय रह गया है। यह यूपी सरकार के मंत्रिमंडल का आखिरी विस्तार भी हो सकता है। इस विस्तार से अयोध्या के लोगों को उम्मीदें बड़ी थीं। इसके पीछे कारण भी हैं। यहां से जीते विधायक घुटे राजनेता के साथ लंबी पारी खेलने वाले भी हैं। एक-एक के पास अपने अनुभव हैं। कई बार के विधायक भी हैं, लेकिन किसी को भी स्थान न मिलने से विधायकों के समर्थकों को तो निराशा हुई ही साथ ही यहां के लोग भी निराश हुए।


राम की पैड़ी अयोध्या (फाइल फोटो)

### चार बार से लगातार विधायक, समर्थक निराश


रामचंद्र यादव रुदौली विधायक।

रुदौली से विधायक रामचंद्र यादव चार बार के विधायक हैं। वह सपा से विधायक बने, जबकि तीन बार से तो लगातार वह भाजपा के टिकट पर रुदौली विधानसभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। राजनीति का उन्हें लंबा अनुभव है। संघर्षशील नेता माने जाते हैं। इस बार लोगों को उम्मीद थी कि उन्हें मंत्रिमंडल में जगह जरूर मिलेगी, लेकिन नहीं मिली। अब समर्थकों में निराशा है।

जिले की पांच में से चार विधानसभा सीटों से सीधे भाजपा के प्रत्याशी साल 2022 में चुनाव जीते। गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से सपा के टिकट पर चुनाव जीते विधायक भी इन दिनों भाजपा के ही खेमे में माने जाते हैं। अघोषित तौर से पांचों सीटों पर भाजपा के सीधे या समर्थित विधायक हैं। इन सब की प्रोफाइल भी हल्की नहीं कही जा सकती है।

### सक्रिय नेता, लोगों को थी बड़ी आशा


डॉ. अमित सिंह चौहान, बीकापुर विधायक।

भाजपा के टिकट पर बीकापुर से चुनाव जीते डॉ. अमित सिंह चौहान भले ही पहली बार के विधायक हैं, लेकिन राजनीतिक परिवार से हैं। उनके पिता मुन्ना सिंह चौहान प्रदेश सरकार में मंत्री रहे। माता शोभा सिंह भी विधायक रही हैं। पढ़े लिखे और सक्रिय नेता के रूप में उन पर भी लोग दांव लगा रहे थे।

### अवधेश प्रसाद की जादुई तिलिस्म तोड़ी


चंद्रभानु पासवान मिल्कीपुर विधायक।

जिले की पंचायत से राजनीतिक सफर शुरू करने वाले मिल्कीपुर से चंद्रभानु पासवान भले ही पहली बार विधायक बने, लेकिन उन परिस्थितियों में चुनाव जीते जब भाजपा लोकसभा चुनाव में हार का जख्म झेल चुकी थी। इस जीत ने भाजपा को संजीवनी दी। सुरक्षित सीट होने और सांसद बने अवधेश प्रसाद की जादुई तिलिस्म को तोड़ने के कारण चर्चा में वह भी रहे।

### लंबा राजनीतिक अनुभव दो बार से विधायक


वेद प्रकाश गुप्ता नगर विधायक।

अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से दो बार के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को लंबा राजनीतिक अनुभव है। इसके पहले वह दूसरे दलों से चुनाव लड़ चुके हैं। वह वर्तमान समय में भाजपा से अयोध्या विधायक हैं। इसके साथ ही वह व्यापारी नेता भी हैं। उम्मीद की जा रही थी कि सियासत की ऊर्जाभूमि अयोध्या से विधायक और लंबा राजनीतिक अनुभव होने से इस बार उन्हें मंत्री पद से नवाजा जा सकता है, लेकिन स्थान नहीं मिला।

### सपा से दूरी बनाने का नहीं मिला लाभ


अभय सिंह गोसाईगंज विधायक।

सपा के टिकट पर गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा पहुंचने वाले विधायक अभय सिंह भी राजनीतिक दृष्टि से अनुभवी हैं। वह दूसरी बार के विधायक हैं। सपा से दूरी बनाकर वह भाजपा के करीबी हो गए। उम्मीद की जा रही थी कि सपा से दूरी का लाभ उन्हें किसी न किसी रूप में भाजपा सरकार में मिलेगा, वह मंत्री या कुछ और भी हो सकते हैं, लेकिन अब तक तो प्रत्यक्ष ऐसा कुछ नहीं दिखता जिसे इससे जोड़ा जा सके।

### लोगों की प्रतिक्रियाएं पढ़िए

भाजपा सरकार में विकास और प्रतिनिधित्व को लेकर अयोध्या के लोग कहते हैं कि एक हजार अरब की परियोजनाओं से अयोध्या विकास किया जा रहा है यह सही है, लेकिन यहां के जनप्रतिनिधियों को भी स्थान मिलना चाहिए। दीपक सिंह कहते हैं कि भाजपा की केंद्र में 12 साल और प्रदेश की नौ साल की सरकार में कोई भी मंत्री नहीं बना। भले ही विकास हो रहा है, लेकिन मंत्री भी तो होना चाहिए। ओम प्रकाश पांडेय कहते हैं कि सरकारें अयोध्या की देन हैं, लेकिन एक पक्ष हमेशा ही सूना रहा है। यह उचित तो नहीं कहा जा सकता है। यह भी सही है कि पीएम मोदी और सीएम योगी ही विकास कर रहे हैं। लेकिन मंत्री भी तो जिले से होने चाहिए। पिछली सरकारों ने अयोध्या में मंत्री दिए थे।

### लोकसभा चुनाव से भी जोड़ रहे

मंत्रिमंडल विस्तार और अयोध्या से किसी को भी मंत्री न बनाए जाने को लोकसभा चुनाव में अयोध्या से भाजपा की हार से भी जोड़ा जा रहा है। लोकसभा चुनाव हार के बाद पूरी दुनिया में अयोध्या के लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों की किरकिरी हुई थी। इतने कम वोट हारने का कोई मतलब था। अंदरखाने में बड़ों की चर्चा में यह कहते सुना गया कि थोड़ी सी भी सक्रियता बढ़ा दी होती तो भाजपा की पूरी दुनिया में किरकिरी न होती।

## डंफर ने बाइक को मारी टक्कर एक की मौत, दो लोग घायल

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** तारुन थाना अंतर्गत रामपुरभगन-पिपरी मार्ग पर सोनखरी सुल्हेपुर मार्ग मोड़ पर मिट्टी ढुलाई में लगे डंफर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिवारीजनों के हवाले कर दिया है। ग्राम प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि कनकपुर केवटहिया निवासी सुरेश कुमार निषाद (20) पुत्र ओम प्रकाश शनिवार की देर शाम गांव के दो अन्य साथियों अरविंद कुमार निषाद व हिमांशु के साथ बाइक से रामपुर भगन बाजार जा रहे थे। सोनखरी सुल्हेपुर मोड़ पर मिट्टी लदे डंफर ने बाइक में टक्कर मार दिया। दुर्घटना में तीनों घायल हो गए, उन्हें बीकापुर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया। शेष दो अन्य साथी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गयी है। थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।


सुरेश कुमार निषाद (फाइल फोटो)

## झटका मशीन की चपेट में आकर युवती की मौत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली ग्राम अखैयामऊ मजरे फिरोजपुर मख्दूमी में खेत में लगी झटका मशीन के प्रवाहित करंट की चपेट में आने से युवती की मौत हो गई। रविवार की सुबह ग्राम अखैयामऊ निवासी दुखीराम की 20 वर्षीय पुत्री शांति देवी शौच के लिए गांव के गई थी। गांव के ही निवासी राम बहादुर के खेत में फसलों के बचाव के लिए घेराबंदी में लगी झटका मशीन के प्रवाहित करंट की चपेट में चपेट में आ गई। अपने खेत की तरफ निकले किसानों ने खेत के किनारे लगे लोहे के तार में युवती को उलझे देखा, लेकिन तब तक शांति की मौत हो चुकी थी। परिजनों के मुताबिक हाथ में करंट से जले हुए के निशान होने से मौत झटका मशीन से या बिजली के करंट से होने की चर्चा सामने आई है। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### दो लाख का ग्रेनाइट पत्थर चोरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत धर्मपथ पर निर्माणाधीन सुलभ शौचालय के निर्माण में प्रयोग के लिए रखा करीब दो लाख रुपये का ग्रेनाइट पत्थर चोरी हो गया। सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर शम्भू नाथ झा निवासी बहराइच ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि धर्मपथ पर एक सुलभ शौचालय के निर्माण का संचालन कर रहा है। सात मई की रात करीब 12 से एक बजे के बीच यहां रखा ग्रेनाइट पत्थर अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी कीमत करीब 2,07,444 रुपये है। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि केस दर्जकर विवेचना की जा रही है।

### चोरी के आरोप में पति-पत्नी समेत तीन पर केस

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** घर में घुसकर चोरी करने के आरोप में कोतवाली बीकापुर पुलिस ने पति-पत्नी सहित तीन आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के भावापुर निवासी रामलली पत्नी स्व रामसुख दूबे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके देवर राजमणि दुबे, उनके पुत्र मोहित दुबे एवं उनकी पत्नी सरोज दुबे आदि ने मिलकर 5 मई को उनके घर में चोरी की। वह हरियाणा के सोनीपत में रहती हैं। गांव के लोगों द्वारा जानकारी होने पर 6 मई को अयोध्या आई तब कमरे के अन्दर जाकर देखा कि बक्से का ताला टूटा हुआ था। घर में रखा राशन के साथ कपडे, चादर, कंबल आदि गायब थी। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की जा रही है।

### नहर में मिला युवक का शव

**इनायतनगर, अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के सतनापुर पुल के पास शारदा सहायक यूनाइटेड ब्रांच की उत्तरी नहर में रविवार दोपहर ग्रामीणों ने एक अज्ञात शव पेड़ से फंसा हुआ देखा। पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर आस-पास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया। बाद में पंचनामा करते हुए मॉर्चरी भेज दिया। जहां शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक मर्चरी में रखा जाएगा। शव लगभग एक सप्ताह पुराना लग रहा है। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 साल लग रही है। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि शव को शिनाख्त के लिए मॉर्चरी में रखा गया है।

### पड़ोसी ने युवक पर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज




**इनायतनगर, अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र के अहिरौली सलोनी गांव में पड़ोसी के बीच दीवार निर्माण को लेकर विवाद में हिंसक झड़प हुई। पीड़ित युवक ने विपक्षियों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया। पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। अहिरौली सलोनी के निखिल पुत्र विंध्या प्रसाद ने कोतवाली इनायतनगर में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह और विपक्षी अमित कुमार तथा अदीश पड़ोसी हैं। वह अपने मकान की दीवार ऊंची कर निर्माण कार्य करा रहा था, तभी शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे विपक्षी पक्ष मौके पर पहुंच गया और दीवार को टेढ़ा कर दिया। विरोध करने पर विपक्षियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पीछे से किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने बताया कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## संपूर्ण समाधान दिवस : 26 अफसरों को कारण बताओ नोटिस

अयोध्या कार्यालय।

- जिलाधिकारी ने अधिकारियों के अनुपस्थित रहने के कारण की कार्रवाई

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने 02 मई को जनपद के समस्त तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर अनुपस्थिति अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

तहसील बीकापुर में कुल 09 अधिकारियों यथा- उप मुख्य चिकित्साधिकारी बीकापुर, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, खंड विकास अधिकारी बीकापुर, प्रभारी निरीक्षक/ थाना अध्यक्ष कोतवाली तरुण व हैदरगंज, बाल विकास परियोजना अधिकारी बीकापुर, सचिव मंडी समिति बीकापुर, प्रधानाध्यापक हाई स्कूल पूरा नंदा बीकापुर व विपणन निरीक्षक तारुण का, तहसील सदर में कुल 06 अधिकारियों यथा- प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अयोध्या, प्रभारी निरीक्षक थाना राम जन्मभूमि अयोध्या, प्रभारी निरीक्षक थाना गोसाईगंज अयोध्या, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, खंड विकास अधिकारी पंचायत मसौधा व सहायक वनरक्षक अयोध्या का, तहसील सोहावल में कुल 06 अधिकारियों यथा- प्रभारी निरीक्षक थाना पूरा कलंदर अयोध्या, प्रभारी निरीक्षक थाना रौनाही अयोध्या, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग अयोध्या, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या, सहायक अभियंता विद्युत व सहायक वन संरक्षक का तथा तहसील मिल्कीपुर में कुल 05 अधिकारियों यथा- चकबंदी अधिकारी मिल्कीपुर अयोध्या, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अमानीगंज अयोध्या, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर, अमानीगंज व हैरिंगटनगंज को अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### ट्रांसफार्मर का तेल लीकेज तीन घंटे आपूर्ति ठप


चौक विद्युत उप केन्द्र में ट्रॉसफार्मर की बाद मरम्मत करते कर्मी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर के चौक विद्युत उप केन्द्र के अधीन अंगूरी बाग, बजाजा व रामपथ फीडर से जुड़े इलाकों में शनिवार देर शाम करीब तीन घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। 33 केवी जेई के आदेश पर 1.10 एमवीए क्षमता के इनकमिंग ट्रांसफार्मर का तेल लीकेज ठीक करने के लिए आइसोलेटर खोला गया था। विद्युत उपकेंद्र के एसएसओ ने बताया कि ट्रांसफार्मर से लगातार तेल रिसाव हो रहा था। शाम 6:38 बजे उपभोक्ताओं को सूचना दी गई कि अंगूरी बाग फीडर, बजाजा फीडर और श्री रामपथ फीडर की सप्लाई तीन घंटे बाद बहाल होगी। बिजली कटौती से चौक, रिकाबगंज, बजाजा, श्रीरामपथ समेत आसपास के मोहल्लों में उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। अवर अभियंता नरेश जायसवाल ने बताया कि सप्लाई सामान्य हो गई है।

## गर्मी की छुट्टियों में शिक्षकों के बाहर जाने पर रोक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों को गर्मी की छुट्टियों में जिले में रहने का आदेश जारी किया गया है। गर्मी की छुट्टी में कई बड़ी परीक्षाएं जनपद में होनी हैं। जिले में लेखपाल, आईएएस, बीएड, आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा, राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवक्ता भर्ती परीक्षा और यूपीटेट की परीक्षाएं करानी जानी है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पवन कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षाओं के दौरान जिले के बाहर बिना अनुमति के कोई भी शिक्षक नहीं जा सकेगा। उन्होंने बताया कि जिले में लेखपाल भर्ती की प्रवेश परीक्षाएं एक पाली में 21 मई को कराई जाएंगी। आईएएस प्रवेश परीक्षा 24 मई को दो पाली में होंगी। बीएड प्रवेश परीक्षा 31 मई को दो पाली में कराई जानी है। आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की प्रवेश भर्ती परीक्षा आठ, नौ और 10 जून को प्रतिदिन दो पालियों में कराई जाएगी। राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवेश प्रवक्ता की परीक्षा 14 जून को एक पाली में होगी। वहीं यूपीटेट की परीक्षा दो, तीन और चार जुलाई को प्रतिदिन दो पाली में कराई जाएंगी। यदि कहीं किसी आवश्यक काम के चलते जिले के बाहर जाना होगा, तो उसे विभाग को लिखित में जानकारी देने के साथ ही अनुमति लेना आवश्यक होगा।

## दुपट्टे के सहारे लटकता मिला युवक का शव

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** हैदरगंज थाना अंतर्गत सीहींपुर गोठिया गांव में रविवार की सुबह रिश्तेदारी में आए युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बाग में एक पेड़ पर दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। रुदौली कोतवाली क्षेत्र के सराय मुगल गांव निवासी रोहित चौहान (24) पुत्र बालक राम चौहान अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदार विजय चौहान के यहां 5 मई को वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आया था। रविवार की सुबह नित्य क्रिया करने ग्रामीण 150 मीटर दूर दक्षिण की तरफ स्थित बाग की तरफ गए। उक्त युवक को शीशम के पेड़ की डाल से दुपट्टा के सहारे लटकता हुआ देखा। रिश्तेदारों के मुताबिक मृतक शराब पीने का आदी था, कुछ दिनों से बीमारी से भी जूझ रहा था। छह वर्ष पहले शादी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

## भाजपा महिला मोर्चा ने घेरा सांसद का आवास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रविवार को समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद के खिलाफ जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली। महिला कार्यकर्ता सपा सांसद हाय-हाय के नारे लगाते हुए सहादतगंज स्थित सांसद आवास तक पहुंचीं और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई।

भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि संसद में महिला आरक्षण संशोधन बिल का समाजवादी पार्टी और कांग्रेस विरोध कर रही हैं, जबकि केंद्र की भाजपा सरकार महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक कार्य कर रही है। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान और नारी शक्ति का सम्मान करो जैसे नारे भी लगाए गए। प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की नेताओं ने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा महिला मोर्चा की डॉ. अंजू पांडे, नीतू पांडे और विनीता मोदनवाल ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए भाजपा लगातार संघर्ष कर रही है, जबकि विपक्ष केवल राजनीति कर रहा है।



सहादतगंज स्थित सांसद अवधेश प्रसाद के आवास का घेराव करतीं भाजपा महिला सभा की पदाधिकारी।

### महिला आरक्षण लागू करने में देरी पर सरकार दे जवाब

**अयोध्या, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने केंद्र सरकार पर नारी शक्ति वंदन कानून को लागू करने में देरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में संसद से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण कानून पारित होने के बावजूद आज तक इसे लागू नहीं किया गया, जबकि महिलाओं से जल्द लागू करने का वादा किया गया था। भाजपा द्वारा सपा सांसद अवधेश प्रसाद के आवास के घेराव की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि यदि घेराव करना ही है तो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय का होना चाहिए।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

**इनायतनगर, अयोध्या। अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र के खरियौना गांव निवासी 28 वर्षीय शुभम दूबे उर्फ अंशू की सड़क हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। शुभम दूबे बुधवार देर शाम करीब आठ बजे अपने साथी कुलदीप निवासी गनेशपुर पूरे भुलई के साथ मोटरसाइकिल से किसी निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। बल्दीराय थानाक्षेत्र के बहुरावां बाजार स्थित लकेहटा पुलिया के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में शुभम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद साथी कुलदीप ने फोन कर शुभम के भाई पंकज को सूचना दी। जिला अस्पताल में भी स्थिति नाजुक होने पर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया। लखनऊ ट्रामा सेंटर में कई दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद शनिवार रात शुभम ने दम तोड़ दिया।




धरोहरों का संरक्षण | श्रीराम कथा संग्रहालय में आधुनिक उपकरणों के साथ पहुंचे विशेषज्ञ, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र व ट्रस्ट के बीच हुआ समझौता

## प्राचीन अवशेषों को संरक्षित करने के लिए खुली प्रयोगशाला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय में प्राचीन पुरावशेषों को संवर्धित और संरक्षित करने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सहयोग से रविवार को संरक्षण प्रयोगशाला प्रारंभ किया गया। इसके लिए ट्रस्ट ने केंद्र से समझौता किया है। इस प्रयोगशाला का उद्घाटन मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने किया। केंद्र की विशेषज्ञ टीम विशेष उपकरणों और आधुनिक तकनीकों के साथ संग्रहालय पहुंच चुकी है।

संग्रहालय के निदेशक डॉ संजीव सिंह ने बताया कि इस संग्रहालय में भी पहले रखे गए अवशेष संरक्षित नहीं थे, जिसके कारण इनका क्षय हो रहा था। अब इसे संरक्षित करने के लिए प्रयोगशाला को तैयार किया गया है। बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के बीच एक समझौता हुआ है। इसमें अवशेषों को सुरक्षित करने के लिए केंद्र द्वारा विशेषज्ञों को उपलब्ध कराएगा। इस प्रयोगशाला में वैश्विक धरोहरें इस प्रकार से संरक्षित करेंगी जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहे। इसमें कोई भी वस्तु पर पर्यावरण व केमिकल का दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। बताया कि पांडुलिपियों के पेपर, ताम्र पत्र, भोज पत्र, लेदर, हाथी के दांत, मेटल, पत्थरों के अवशेष जैसे चीजों को संवर्धन किया जाएगा।


संरक्षण प्रयोगशाला उद्घाटन करते हुए मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, संग्रहालय निदेशक संजीव सिंह सहित चेन्नई के वैज्ञानिक और इंदिरा गांधी कला केंद्र के विशेषज्ञों की टीम।

### 15 जून तक पूरा हो जाएगा शहीद स्तंभ का निर्माण

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने रविवार को बैठक से पूर्व पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि शहीद स्तंभ का निर्माण 15 जून तक पूरा हो जाएगा, उसके बाद मंदिर में कोई भी निर्माण कार्य बाकी नहीं रहेगा। एलएंडटी व टाटा कंसल्टेंसी भी अपना कार्य 30 जून को पूर्ण कर लेगी। इसके बाद इनकी वापसी हो जाएगी। इसके बाद केवल वह टीम बचेगी जो एग्रीमेंट के अनुसार यहां देखरेख के लिए मौजूद रहेगी। बताया कि अब आम श्रद्धालुओं के लिए संपूर्ण मंदिर का दर्शन और सुलभ हो गया है। सुरक्षा दीवार वर्ष 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। श्रीराम कथा संग्रहालय में निर्मित 20 गैलरियों में एक हनुमान जी की भी गैलरी है, जिसे आईआईटी चेन्नई ने पूरा कर लिया है। उन्हीं की एक सहायक कंपनी की बाकी गैलरियां बना रही है। बताया कि राम मंदिर समेत अन्य मंदिरों के शिखर पर लाइटिंग का कार्य भी कराया जा रहा है। इसके लिए मॉक प्रदर्शन कर ट्रस्ट से सहमति मिलने के बाद कार्य किया जाएगा। इसे जून के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## 36 करोड़ से बदलेगी भरतकुंड की तस्वीर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अयोध्या विकास प्राधिकरण भरत कुंड का भव्य और व्यापक विकास करने जा रहा है। लगभग 36 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शासन को भेज दी गई है, जिसके स्वीकृत होते ही कार्य तेजी से शुरू हो जाएगा।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुराज जैन ने बताया कि भरत कुंड को धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से विश्वस्तरीय स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि भरत कुंड रामायण काल से जुड़ा पावन स्थल है। भरत कुंड में मंदिरों और घाटों का व्यापक सौंदर्यीकरण किया जाएगा। घाटों को पत्थरों से सुसज्जित किया जाएगा, पाथवे लाइटिंग से पूरा क्षेत्र जगमगाएगा। आधुनिक सुविधाओं के तहत एम्पीथियेटर का निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, हार्टिकल्चर (बागवानी) का कार्य और गजेबो (छत्रियां) बनाए जाएंगे। पर्यटकों की सुविधा के लिए वॉकवे, बैठने की व्यवस्था, ड्रिंकिंग वॉटर पॉइंट्स और पर्याप्त पार्किंग की भी व्यवस्था प्रस्तावित है। एडीए उपाध्यक्ष अनुराज जैन ने बताया कि यह विकास केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पर्यटन संसाधनों का भी विस्तार होगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला प्रभारी को हाउस अरेस्ट करने की निंदा

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाकपा (माले) ने नोएडा व अन्य जगहों पर हाल में मजदूरों के आंदोलन पर दमन का आरोप लगाया। इसके खिलाफ ट्रेड यूनियन संगठन ऐक्टू ने 10 मई को मुख्यमंत्री आवास मार्च निकालने की घोषणा की थी। इसको विफल करने के लिए पूर्व संध्या पर पार्टी जिला प्रभारी अतीक अहमद के हलकारा का पुरवा स्थित घर पर पुलिस से हाउस अरेस्ट कर लिया गया। संगठन ने इसकी कड़ी निंदा की है। भाकपा (माले) के राज्य कमेटी सदस्य राजेश वर्मा ने जारी बयान में कहा कि नेताओं के घरों पर पुलिस भेज कर उन्हें नजरबंद करने अथवा उन्हें हिरासत में लेकर थाने उठा ले आने की घटनाएं कई जिलों में हुई हैं। योगी सरकार से की जा रही ये नजरबंदियां अवैध है, लोकतंत्र पर हमला है।

### घर से लापता किशोर दिल्ली में मिला

**इनायतनगर, अयोध्या। अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र के अस्थना पूरे रघुवर पाण्डेय गांव से शनिवार शाम घर से निकला 16 वर्षीय किशोर सकुशल दिल्ली में मिलने के बाद परिजनों व पुलिस ने राहत की सांस ली है। गांव निवासी राजकुमार पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र अनुराग पाण्डेय शनिवार शाम करीब चार बजे किसी कार्य से घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने इनायतनगर थाने में सूचना देकर मदद की गुहार लगाई। पुलिस किशोर की तलाश में जुटी ही थी कि रविवार सुबह परिजनों को जानकारी मिली कि अनुराग अपने जीजा के पास दिल्ली पहुंच गया है। पुलिस ने भी किशोर के सुरक्षित मिलने पर संतोष जताया है।

### ट्रेनों के संचालन के लिए पूर्व सांसद को सौंपा ज्ञापन



**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली दो लोकल ट्रेनों के पुन: संचालन तथा टिकट आरक्षण काउंटर खोले जाने की मांग को लेकर सुचितागंज के व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने पूर्व सांसद लल्लू सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरभद्र गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों लोगों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में कानपुर, दिल्ली, वाराणसी सहित प्रमुख तीर्थ स्थलों वैष्णो देवी और काशी विश्वनाथ जाने वाले यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अयोध्या-कानपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, वाराणसी इंटरसिटी तथा अयोध्या कैंट से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों को पुन: शुरू किए जाने ठहराव की मांग की। संतोष गुप्ता, मो. अकरम, सुनील, अंशुमान, अमित, आदि व्यापार मंडल सदस्य मौजूद रहे।

### झाड़ियों में मिला अज्ञात महिला का शव

**इनायतनगर, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के परसपुर सथरा गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास रविवार शाम छह बजे झाड़ियों में एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। गांव के चौकीदार घनश्याम यादव ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी इनायतनगर रतन कुमार शर्मा उच्चाधिकारियों को जानकारी देने के बाद मौके पर पहुंचे। क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर पियूष ने मौका मुआयना करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की। रतन कुमार शर्मा ने बताया कि फ़ारेंसिक टीम का इंतजार किया जा रहा है। शव के पाश सल्फास व कंट्रोल 505 नामक कीटनाशक की सीसी व पानी की बोतल मिला है। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया प्रकरण अत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

### नहर में मिला लापता युवक का शव

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के नरियावां गांव निवासी एक युवक का शव रविवार दोपहर मित्रसेनपुर गांव के पास शारदा सहायक नहर में मिला। मृतक योगेश श्रीवास्तव (34) पुत्र स्व भगवत लाल श्रीवास्तव समाचार पत्र का वितरण करते थे। वह शनिवार रात 09 :30 बजे साइकिल से घर से निकले और घर नहीं लौटे। परिजनों ने खोजबीन शुरू किया तो गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर मित्रसेनपुर गांव के पास शारदा सहायक नहर की पुलिया पर साइकिल, चप्पल और झोला मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर के माध्यम से खोजबीन शुरू किया तो रविवार दोपहर उनका शव मिला। चौकी प्रभारी गंजा अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट होगा।

# हाशिम अंसारी बैरियर से रेलवे स्टेशन मार्ग पार्किंग में तब्दील

**प्रतिबंधों में ढील का असर फोरलेन पर आवागमन मुश्किल**

**बैरियर पर वाहनों की कतार, टेढ़ी बाजार से रानोपाली तक लगी रही कतार**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** प्रतिबंधों के राहत देने के बाद पहली बार रविवार को अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ज्यादातर श्रद्धालु अपने निजी साधन से अयोध्या पहुंचे, इससे रामनगरी में चारों ओर चार पहिया वाहनों की कतार लग गई। इससे टेढ़ी बाजार स्थित मल्टी लेवल पार्किंग के साथ हाशिम अंसारी बैरियर व गोकुल भवन के पास बनी अस्थायी पार्किंग फुल हो गई।

हाशिम अंसारी बैरियर के पास इतनी संख्या में वाहन पहुंच गए कि यहां बनाई गई अस्थायी पार्किंग फुल हो गई, इसके बाद वाहनों को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन जाने वाले फोरलेन मार्ग पर खड़ा कराया गया, जो कुछ ही देर में भर गया। इसके बाद बाहरी वाहनों को टेढ़ी बाजार बैरियर पर रोक कर डायवर्ट किया जाने लगा। इससे जाम की स्थिति बनी रहीं। भीड़ ज्यादा देखकर इन बैरियरों पर तत्काल पुलिस व यातायातकर्मियों की संख्या बढ़ाई गई।




टेढ़ी बाजार बैरियर पर वाहनों की भीड़ के चलते लगा जाम।

**सीन-1** यह दृश्य अयोध्या धाम के प्रमुख प्रवेश द्वार टेढ़ी बाजार चौराहे का है। भीड़ के चलते इस बैरियर से बाहरी वाहनों के प्रवेश को रोक दिया गया। तीन ओर से आ रहे वाहनों के चक्कर में यहां जाम की स्थिति रही। पुलिसकर्मियों ने वाहनों को अन्य रूट पर डायवर्ट करना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों के वाहनों के अलावा दो पहिया वाहनों को ही जाने दिया गया।



हाशिम अंसारी बैरियर के पास लगी वाहनों की कतार, विपरीत दिशा में खड़े ई-रिक्शा।

**सीन-2** हाशिम अंसारी बैरियर से आगे बाहरी चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। सुबह टेढ़ी बाजार बैरियर पर ढील के चलते भारी वाहन यहां पहुंचे, जिन्हें रोका गया। इससे यहां वाहनों की कतार लग गई। इस मार्ग पर प्रतिबंध के बाद भी ई रिक्शा व ऑटो वाहन घूमते दिखाई पड़े। चालक इतने मनबढ़ हैं कि आने वाली लेन में जाम देखकर दूसरी लेन में विपरीत दिशा से आकर खड़े हो गए।



हाशिम अंसारी बैरियर से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर खड़े वाहन।

**सीन-3** यह दृश्य हाशिम अंसारी बैरियर से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग का है। इसे हाल ही में फोरलेन बनाया गया है। इस सड़क के किनारे खाली स्थान को हाल ही में अस्थायी पार्किंग स्थल बनाया गया है। रविवार को अवकाश के दिन उमड़ी भारी भीड़ के चलते पार्किंग फुल हो गई। इसके बाद वाहनों को इस मार्ग की दोनों लेन में खड़ा कराया गया, करीब 400 मीटर लंबी इस फोरलेन सड़क पर दोनों लेन इस कदर वाहन खड़े रहे कि महज एक ऑटो के आने जाने की जगह बची।



रामपथ पर टेढ़ी बाजार से रानोपाली मार्ग पर सड़क किनारे खड़े वाहन।

**सीन-4** यह दृश्य टेढ़ी बाजार से रानोपाली मार्ग पर रामपथ का है, भीड़ के चलते व टेढ़ी बाजार व हाशिम अंसारी बैरियर व गोकुल भवन के पास बनी पार्किंग फुल होने के बाद वाहनों का शहर में प्रवेश रोक दिया गया। इस पर लोग अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर दर्शन पूजन करने के लिए गए। रामपथ की दोनों लेन में सैकड़ों वाहन सड़क किनारे खड़े दिखे।

### रविवार को दिखा प्रतिबंधों का तीखा असर

ध्यान रहे कि प्रतिबंधों में राहत देने की योजना के तहत पुलिस प्रशासन ने अयोध्या धाम में प्रवेश के सभी बैरियरों पर वाहनों के आवागमन पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया है। सिर्फ श्रीराम अस्पताल से पोस्ट ऑफिस तिराहे तक के मार्ग पर चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है, जबकि अयोध्या धाम में रहने वाले यूपी-42 नंबर के वाहनों को सभी बैरियरों पर आने जाने की छूट है। रविवार को भीड़ के चलते कई बैरियरों पर इन वाहनों को भी रोका गया, पास व पहचान पत्र दिखाने पर ही जाने दिया गया। इसके चलते जगह जगह लोग पुलिसकर्मियों से बहस भी करते दिखे। फिलहाल रविवार को प्रतिबंधों का तीखा असर दिखा।

> भीड़ बढ़ने पर व्यवस्था में आंशिक परिवर्तन किया गया। पार्किंग फुल होने के बाद टेढ़ी बाजार से बाहरी वाहनों का प्रवेश रोककर उन्हें डायवर्ट किया गया। स्थानीय लोगों के वाहनों के आवागमन पर कोई रोक नहीं रही। - **आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी अयोध्या।**

# गन्ना सर्वे के लिए खेतों में पहुंचने लगी संयुक्त टीमें

अयोध्या कार्यालय

- **सर्वे कराने को किसानों को खेत पर रहना जरूरी**

**अमृत विचार:** गन्ना सर्वे के लिए समिति और विभाग की टीमें खेतों में पहुंचने लगी है। सर्वे कराने के लिए किसानों को खेत पर रहना जरूरी है। सर्वे का मैसेज उन्हें मोबइल पर मिलेगा। मोबाइल का इनबाक्स भरा हो तो उसे खाली कर दें, जिससे मैसेज समय रहते मिल जाए।

नए पेराई सत्र के लिए गन्ना सर्वे का काम शुरू हो गया है। यह 20 जून तक चलेगा। इसके लिए गन्ना समिति और गन्ना विभाग की संयुक्त टीमें बनाई गई है। समित्ति में गन्ना विभाग का एक कर्मचारी और समिति का एक कर्मचारी शामिल किया गया है। गन्ना समिति मसौधा के लिए कुल 57 और रौजागांव के लिए कुल 23 टीमें बनाई गई है। सर्वे जीपीएस आधारित हो रहा है। जिला गन्ना अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के मुताबिक गन्ना सर्वे के लिए टीमें किसान के खेतों पर पहुंचनी शुरू हो गई है। सर्वे जीपीएस आधारित किया जा रहा है। सर्वे के समय किसानों का खेत पर रहना जरूरी है। जिससे उनका कोई गाटा छूट न जाए। अन्यथा बाद में उन्हें परेशानी झेलनी पड़ सकती हैं। विभाग से गन्ना किसानों को पहले से सूचित किया जा रहा है। यह जानकारी उनके गन्ना विभाग या समिति में फीड मोबाइल नंबर पर मिलेगी। यदि मोबाइल खराब हो गया है या फिर नंबर बदल दिया है तो नए सिरे से मोबाइल नंबर को समिति पर पंजीकृत करा दें।

# चिराग पासवान का विजन लेकर आए हैं: संजय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** लोक जनशक्ति पार्टी के विधायक और बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय कुमार रविवार को अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने राम मंदिर में रामलला के दर्शन-पूजन किए। इसके बाद सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की रणनीति पर चर्चा की। अयोध्या पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। संजय कुमार ने कहा कि अयोध्या आने का उन्हें पहली बार अवसर मिला है और यह उनके लिए बेहद सुखद अनुभव है। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के विजन को लेकर वे उत्तर प्रदेश आए हैं। उनका उद्देश्य जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय करना और 2027 विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करना है।

# आरोग्य मेले में सर्वाधिक शुगर रोगी मिले

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद की सभी 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 73 चिकित्सकों एवं 205 पैरामेडिकल कर्मचारियों ने लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि मेले में कुल 992 मरीजों ने उपचार लाभ प्राप्त किया, जिनमें 446 पुरुष, 454 महिलाएं और 92 बच्चे शामिल रहे।

इस दौरान 112 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए तथा हेल्प डेस्क पर 96 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। विभिन्न रोगों के मरीजों में आंख के 120, बुखार के 118, सांस संबंधी 65, पेट रोग के 185, शुगर के 168, चर्म रोग के 141 तथा टीबी संदिग्ध 19 मरीज शामिल रहे। इसके अलावा 35 एनीमिया, 43 उच्च रक्तचाप एवं 151 प्रसव पूर्व जांच के मामले दर्ज किए गए। आवश्यकता अनुसार 85 मरीजों को उच्च केंद्रों के लिए रेफर भी किया गया।



स्वास्थ्य केंद्र सराय धनेठी में मरीजों के साथ चिकित्सक जेपी मौर्या।

### पहुंचे 58 मरीज, महिलाएं रही ज्यादा

**इनायतनगर, अयोध्या। अमृत विचार :** मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेले में मिल्कीपुर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराय धनेठी में महिलाएं ज्यादा संख्या में मौजूद रही। इस मेले में कुल 58 मरीजों को निशुल्क इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित लाभ मिला। डॉ. गायत्री प्रसाद मौर्या ने मरीजों की चिकित्सकीय जांच की। जांच के दौरान सबसे ज्यादा 16 मरीज सर्दी, खांसी और जुकाम से पीड़ित पाए गए।

# शिविर में संगठन, विचारधारा व कार्यपद्धति पर मंथन

अयोध्या कार्यालय

- **राष्ट्रीय महामंत्री ने प्रशिक्षण शिविर का किया उद्घाटन**

**अमृत विचार:** रानोपाली स्थित उदासीन आश्रम में भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम् के साथ किया। शिविर में विभिन्न सत्रों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति, संगठन विस्तार, मीडिया प्रबंधन और देश के समक्ष चुनौतियों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सोमवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन होगा।

उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय महामंत्री सिंह ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला। कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का एक विराट अभियान है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक की यात्रा त्याग, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित रही है। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी संगठन को मजबूत करने का कार्य किया।




रानोपाली स्थित उदासीन आश्रम में प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम को सम्बोधित करते भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह। अमृत विचार

दूसरे सत्र में क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की कार्यशैली अन्य राजनीतिक दलों से अलग है। पार्टी सामूहिक नेतृत्व, संगठनात्मक अनुशासन और बूथ स्तर तक मजबूत संरचना के आधार पर कार्य करती है। अध्यक्षता वर्ग अधिकारी व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी ने किया। तीसरे सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने देश के समक्ष चुनौतियों विषय में कहा कि भारत आज वैश्विक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन राष्ट्र विरोधी ताकतें देश की एकता और सामाजिक समरसता को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। क्षेत्रीय मंत्री विनोद पटेल ने विचार परिवार विषय पर चर्चा की। कहा कि भाजपा का वैचारिक आधार राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना और सेवा भाव पर आधारित है। संचालन जिला उपाध्यक्ष बाल कृष्ण वैश्य ने किया। उद्घाटन सत्र में जिपं अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, शक्ति सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, ओम प्रकाश सिंह, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, वासुदेव मौर्य, महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, शिवेन्द्र सिंह आदि थे।

### नवजात शिशु मृत्युदर कम करने को दिया प्रशिक्षण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** नवजात शिशुओं की सुरक्षा और उनकी मृत्युदर को कम करने के उद्देश्य से नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम (एनएनएफ) इंडिया द्वारा रविवार को राष्ट्रीय एनआरपी दिवस मनाया गया। प्रेसिडेंशियल एक्शन प्लान 2026 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य स्वास्थ्य कर्मियों को बेसिक नियोनेटल रिससिटेशन प्रोग्राम में प्रशिक्षित करना है। राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण के पोस्ट कोऑर्डिनेटर विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आनंद शुक्ला, इंस्पेक्टर डॉ. पीयूष आनंद, डॉ. रोहित यादव, डॉ. अशोक चौरसिया तथा डॉ. अवधेश वर्मा रहे। कार्यक्रम में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें बाल रोग विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के चिकित्सक स्टाफ शामिल रहे। यह प्रशिक्षण नवजात शिशु मृत्युदर को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



अतिक्रमण अभियान को लेकर विधायक रामचंद्र यादव से मिलते नगर के व्यापारी। अमृत विचार

### अतिक्रमण अभियान को लेकर विधायक से लगाई गुहार

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** शुजागंज बाजार में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है। इसी बीच बाजार के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने रुदौली विधायक रामचंद्र यादव को शिकायती पत्र देकर सड़क किनारे बने चबूतरों एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में राहत दिलाने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि बाजार में वर्षों से बने चबूतरों और दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बनी रहती है, लेकिन अचानक व्यापक कार्रवाई होने से छोटे व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो सकता है। पहले सड़क के दोनों ओर करीब 20 मीटर तक अतिक्रमण हटाने की चर्चा थी, लेकिन व्यापारियों के भारी नुकसान को देखते हुए अब इसे घटाकर दोनों तरफ 8 .5 मीटर तक सीमित कर दिया गया है। शिकायती पत्र में बाजार के कई व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों के हस्ताक्षर मौजूद हैं। विधायक की ओर से व्यापारी वर्ग को अनुशासन दिया गया है।

# तमिलनाडु में सरकार बनने पर बांटी मिठाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** तमिलनाडु में कांग्रेस समर्थित गठबंधन सरकार बनने पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि तमिलनाडु में सरकार गठन के दौरान राज्यपाल से जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, उसमें भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक साजिश स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा थलपति विजय की पार्टी को समर्थन देकर भाजपा की साजिशों का करारा जवाब दिया है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल ने संवैधानिक परंपराओं का पालन नहीं किया। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने जनभावनाओं के अनुरूप थलपति विजय को समर्थन देकर तमिलनाडु में एक युवा नेतृत्व को आमजन के लिए नई सोच और नई दिशा के साथ कार्य करने का अवसर प्रदान किया है। पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, कवींद्र साहनी, सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह फास्टर, अशोक कुमार राय, विजय श्रीवास्तव, अशोक शर्मा, कल्लू शर्मा, चंचल सोनकर, राजकुमार पांडे, प्रवीन श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।




तमिलनाडु में कांग्रेस समर्थित गठबंधन सरकार पर कांग्रेस कार्यालय में एक दूसरे को मिठाई खिलाते पदाधिकारी। अमृत विचार

**खुशी**

**आयोजन** अयोध्या में हुआ अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन, विभिन्न राज्यों से पहुंचे

# ज्योतिष विद्या पर मंथन करने को जुटे देश भर के ज्योतिषाचार्य

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर के निकट अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे ज्योतिषाचार्यों, साधु-संतों और विद्वानों ने आधुनिक युग में ज्योतिष, सनातन संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और समाज में आध्यात्मिक चेतना को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उज्जैन से आईं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या आचार्य रूपा उज्जैन ने की। सम्मेलन में चंडीगढ़, मुंबई, दिल्ली, राजस्थान, झारखंड सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए ज्योतिषाचार्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में करीब 100 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। अयोध्या के गुरुकुलों से आए विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। आचार्य रूपा उज्जैन ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ज्योतिषाचार्यों, साधु-संतों और पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज एवं सरकार को सकारात्मक पहल के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यदि छोटी-छोटी पहल भी की जाए तो समाज में बड़ा परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि ज्योतिष केवल भविष्य बताने का माध्यम नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला प्राचीन विज्ञान है। उन्होंने कहा कि आज समाज में ज्योतिष को अंधविश्वास बताने का प्रयास किया जाता है, जबकि ग्रह-नक्षत्रों का प्रभाव प्रकृति और मानव जीवन दोनों पर पड़ता है।

कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, सम्मान समारोह और आध्यात्मिक चर्चा का आयोजन भी किया गया। सम्मेलन में मौजूद विद्वानों ने सनातन परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और ज्योतिष विद्या के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। सभी ने ज्योतिष विद्या के संरक्षण और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में प्रमुख रूप से अवधेश पाण्डेय, राज गुरू कृपा राम उपाध्याय, राघव भट्ट, मदन लाल, त्यागी बाबा, ऋचा शर्मा, रजनीकांत पानी, डॉ. मनोज मालिक, डॉ. माहापाता एवं डॉ. नूर तनुप्रिया सहित कई प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं विद्वान शामिल हुए।




राम मंदिर के निकट एक ऑडिटोरियम में हुआ अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन।



छात्रा पल्लवी को सम्मानित करते पूर्व सीएमओ डॉ. नानक सरन व मौजूद अन्य लोग।

### पूर्व सीएमओ ने मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की पहल के तहत पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नानक सरन लगातार छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को उन्होंने हनुमानगढ़ी के सामने दंतधावन कुंड क्षेत्र निवासी राकेश कुमार निषाद की पुत्री पल्लवी निषाद को सम्मानित किया। पल्लवी ने हाईस्कूल परीक्षा में 93 .7 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। डॉ. नानक सरन स्वयं पल्लवी के घर पहुंचे और छात्रा के साथ उसके माता-पिता को भी सम्मानित किया। उन्होंने पल्लवी को बैग, ट्रैक सूट और रामलला की प्रतिमा भेंट कर उसकी उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी समाज के लिए प्रेरणा होते हैं। निषाद समाज के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद, निषाद जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष अरुण निषाद, प्रदीप निषाद, भगवानदीन निषाद गोताखोर, दुर्गेश, गंगा राम और राम जग सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रदेशों की संस्कृति से साझा होंगे माध्यमिक विद्यालयों के आंगन

## उच्च शिक्षा के बाद माध्यमिक विद्यालयों में एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिखेगी झलक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उच्च शिक्षा के बाद अब माध्यमिक विद्यालयों में भी एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक देखने को मिलेगी। इसके तहत विद्यालयों में ईबीएसबी क्लब का गठन किया जाएगा। इनके माध्यम से हर महीने दूसरे राज्यों से जुड़ी सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने हर महीने का गतिविधि कैलेंडर जारी किया है। जिले के 445 माध्यमिक विद्यालयों में तीन लाख से अधिक विद्यार्थी विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति के साक्षी और साझी होंगे।

● **445 कॉलेजों के तीन लाख से अधिक विद्यार्थी बनेंगे साक्षी**



माध्यमिक शिक्षा विभाग के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों में मई में अरुणाचल प्रदेश व मेघालय की भाषा में गीत, कहावत आदि प्रतियोगिताएं, जुलाई में इन राज्यों की भाषा में निबंध प्रतियोगिता, अगस्त में इन राज्यों के ऐतिहासिक स्थल, स्वदेशी खेलों, संस्कृति, भोजन, भाषा, पोशाक आदि पर स्क्रैप बुक बनाई जाएगी। वहीं सितंबर में इनकी संस्कृति, इतिहास, परंपरा पर नाटक-लोक नाट्य, अक्टूबर में स्वच्छता, सिंगल यूज प्लास्टिक, जल संरक्षण, नवंबर में खेल प्रतियोगिताएं, दिसंबर में नए समाचार, नेशनल आइकन, समाज सुधार, प्रसिद्ध व्यक्तियों पर चर्चा और जनवरी में कक्षा 11 व 12 के छात्रों की कृषि फसलों पर जानकारी व उसका विद्यालय परिसर में प्रयोग पर गतिविधियां होंगी।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने इसके लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक को नोडल अधिकारी बनाया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी विद्यालयों में यह गतिविधियां आयोजित की जाएं। इससे जुड़ी जानकारी व फोटोग्राफ निदेशालय को भी उपलब्ध कराए जाएं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि आदेश आ गया है। सभी प्रधानाचार्यों को भेज दिया गया है। 15 मई के बाद जिले के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## परिषदीय विद्यालयों में 13 से 19 मई तक भारतीय भाषा शिविर

**अयोध्या, अमृत विचार :** परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 13 से 19 मई तक ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर लगाया जाएगा। इसमें छात्र-छात्राओं को भारतीय भाषा का ज्ञान शिक्षक देंगे। छात्र अपनी मनपसंद भाषा सीखेंगे। उन्हें मातृभाषा के अतिरिक्त दूसरी भाषाएं पढ़ाई जाएंगी। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर का आयोजन कराएं। जिसमें छात्रों को विभिन्न भारतीय भाषाओं के साथ-साथ विशेष शिक्षकों की मदद से सांकेतिक भाषा सीखने का भी अवसर दिया जाए। छात्र-छात्राएं भाषा सीखने के माध्यम से आपसी सम्मान, सांस्कृतिक व राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है।




गुरुकुल में बटुकों के साथ मौजूद इनरव्हील क्लब की पदाधिकारी। अमृत विचार

## इनरव्हील क्लब ने गुरुकुल को कॉपी पेंसिल सहित सौंपा कूलर

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या के रानोपाली स्थित गुरुकुल महाविद्यालय में में इनरव्हील क्लब द्वारा बड़ा कूलर, 100 कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर का वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष निशा गोयल ने बताया कि जब तक अपने देश में गुरुकुल शिक्षा पद्धति रहीं, तब तक भारत देश दुनिया का सिरमौर राष्ट्र रहा। विश्व प्रसिद्ध नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला इत्यादि गुरुकुलों में पूरी दुनिया से छात्र विद्याध्यन के लिए भारत आते थे। गुरुकुल आवासीय शिक्षा व्यवस्था हैं, प्राय: समाज पोषित शैक्षणिक संस्थान होते हैं। स्नेहलता, ललिता अग्रवाल, सुमन सूद, मीरा अग्रवाल, रेणु रस्तोगी, रेणु अग्रवाल, रीता खत्री, नमिता मेहरोत्रा मौजूद रहीं।

# बाढ़ सुरक्षा परियोजनाएं 30 जून तक करें पूर्ण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** वर्ष 2026-27 में संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने, जनहानि एवं धनहानि को न्यूनतम रखने तथा राहत और बचाव कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाढ़ से पूर्व तैयारियों, राहत प्रबंधन, संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों तथा कटानरोधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने बाढ़ कार्य खंड अयोध्या द्वारा जनपद में कराए जा रहे बाढ़ सुरक्षा एवं कटानरोधी कार्यों की प्रगति की जानकारी हासिल किया। अधिशासी अभियन्ता बाढ़ कार्य खंड अयोध्या द्वारा बताया गया कि जनपद में पांच परियोजनाओं का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 02 परियोजना तहसील टांडा तथा 03 परियोजना तहसील आलापुर में चल रही है। इन सभी परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इन परियोजनाओं से आसोपुर, नौराहने रामपुर, गोर्वधनपुर, बंगालपुर, माझा कम्हरियां, अराजी देवारा इत्यादि ग्रामों की बाढ़ से सुरक्षा होगी। जिस पर जिलाधिकारी ने 30 जून तक परियोजनाएं पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह तकनीकी टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### बाढ़ से बचाव के लिए उपलब्ध कराएं व्यवस्थाएं

जनपद में कुल 13 बाढ़ चौकियां हैं, जिसमें 05 तहसील क्षेत्र टांडा के अन्तर्गत एवं 08 तहसील क्षेत्र आलापुर के अन्तर्गत बनाई गई है। जिलाधिकारी ने पूर्ण हो चुके बाढ़ शरणालय को नियमानुसार संबंधित विभागों को शीघ्र हैंडओवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों एवं संवेदनशील गांवों में पूर्व से ही समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। राहत शिविरों, बाढ़ शरणालयों, नावों, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, खाद्यान्न, दवाओं तथा पशुचारे आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी टांडा, उप जिलाधिकारी आलापुर आदि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त कैप्टन का सैनिक सम्मान



सेवानिवृत्त कैप्टन का सम्मान करते अखिल भारतीय पूर्व सेवा सैनिक के पदाधिकारी।

**अयोध्या, अमृत विचार:** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वाधान में जय हिंद कॉलोनी में सेवानिवृत्त सूबेदार/कैप्टन उदयराज सिंह का सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिला उपाध्यक्ष सूबेदार कपिल देव सिंह ने माल्यार्पण किया। वारंट अफसर व जिला सचिव रामसेवक ने अंगवस्त्र प्रदान किया। जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश पाठक ने स्मृति चिह्न प्रदान किया। समारोह में कप्तान सिंधु पांडे, सूबेदार सिद्धनाथ शर्मा, नायब सूबेदार शिव कुमार सिंह, सूबेदार मेजर सर्वेश कुमार त्रिपाठी, सूबेदार कैप्टन बीके सिंह, सूबेदार धर्म शिक्षक प्रताप मिश्र, सूबेदार राणा प्रताप सिंह, हवलदार रामकेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# कार्यकाल विस्तार पर चुप्पी से आक्रोश

जलालपुर, अंबेडकरनगर।



जलालपुर ब्लॉक परिसर में बैठक करते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी 26 मई को प्रदेश भर के ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से पंचायत चुनाव व कार्यकाल विस्तार को लेकर कोई स्पष्ट आदेश जारी न होने से ग्राम प्रधानों में भारी असमंजस और नाराजगी व्याप्त है। इसी मुद्दे को लेकर जलालपुर ब्लॉक परिसर में अखिल भारतीय प्रधान संघ के बैनर तले सैकड़ों ग्राम प्रधानों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की उदासीनता पर तीखी नाराजगी जताते हुए आगे की रणनीति तय की गई।

बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम यादव ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति न होने के कारण प्रदेश के हजारों ग्राम प्रधान असमंजस की स्थिति में हैं। एक ओर कार्यकाल समाप्त होने की तिथि नजदीक है, वहीं दूसरी ओर पंचायत चुनाव को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की जा रही है। इससे गांवों में चल रहे विकास कार्यों पर भी प्रतिकूल असर पडने की आशंका बढ़ गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि समय रहते सरकार कोई निर्णय नहीं लेती है तो पंचायतों में प्रशासनिक अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने आशंका जताई कि पंचायत चुनाव अक्टूबर 2027 तक टाले जाने की चर्चा चल रही है, जिससे निर्वाचित प्रधानों के अधिकार और ग्रामीण विकास दोनों प्रभावित होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लगातार ग्राम प्रधानों की मांगों की अनदेखी कर रही है, जबकि प्रधान ग्रामीण विकास की सबसे अहम कड़ी हैं।

## ईंट-भट्ठे के पास दीवार गिरने से खेल रहे बच्चे की दबकर मौत

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के औसानपुर स्थित एक ईंट-भट्ठे के पास दीवार गिरने से सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चा खेलते समय दीवार की चपेट में आ गया था। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चे की पहचान गोंडा जनपद के मौजा पठार निवासी इरफान के सात वर्षीय पुत्र नेहाल के रूप में हुई है। इरफान इब्राहिमपुर इलाके के मॉडर्न ईंट भट्ठे पर मजदूरी का काम करता है और उसका परिवार भट्ठे के पास ही रहता है। यह दुखद घटना रविवार सुबह हुई। नेहाल अपने घर के बगल में खेल रहा था, जो ईंट भट्ठे के करीब स्थित है। अचानक वहीं पर बनी एक दीवार ढह गई, जिसकी चपेट में आने से नेहाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद परिजन आनन-फानन में नेहाल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# गौशालाओं को बनाया जाए आत्मनिर्भर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित गो आश्रय स्थल की जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, निर्माणाधीन परियोजनाओं, गोवंश संरक्षण तथा संबंधित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया।

बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में वर्तमान में कुल 35 स्थाई एवं अस्थाई गो आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें कुल 3 हजार 536 गोवंश संरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि अस्थाई गो आश्रय स्थल रामकोला रामनगर तथा बृहद गो संरक्षण केंद्र राजेसुल्तानपुर नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे 30 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 786 पशुपालक लाभार्थियों को कुल 1 हजार 131 गोवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं। इस पर जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक पशुपालकों को योजना से जोड़ते हुए गोवंश सुपुर्द किए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया व साथ में अन्य अधिकारी।

### स्वयं सहायता समूहों को बनाएं आत्मनिर्भर

डीएम ने जनपद के समस्त गो आश्रय स्थलों को स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों से जोडक़र उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने वर्मी कंपोस्टए गो-काष्ठ एवं कंपोस्ट निर्माण जैसे नवाचारों को बढ़ावा देने तथा इस दिशा में विशेष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने नंदिनी एवं मिनी नंदिनी योजना के अंतर्गत बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के लिए अग्रणी जिला प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिए।

## जुताई कर लौटे रहे किसान की ट्रैक्टर पलटने से मौत

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** रानी की सराय थाना क्षेत्र के टेंगरपुर गांव में ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत हो गई। टेंगरपुर गांव निवासी हरिराम सरोज (55) रविवार सुबह अपने ट्रैक्टर से खेत की जुताई करने गए थे। खेत का काम समाप्त करने के बाद वह ट्रैक्टर लेकर घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक ट्रैक्टर असंतुलित हो गया और पलट गया। हरिराम ट्रैक्टर के नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी। घायल किसान को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, डॉक्टरों ने जांच के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मालीपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मालीपुर थाना पुलिस ने अवैध रूप से देशी शराब बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13 पाउच देशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक महेश कुमार त्रिपाठी हमराही कांस्टेबल संजय यादव के साथ क्षेत्र में गश्त व अपराध नियंत्रण के दौरान मालीपुर चौराहे पर मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मालीपुर रेलवे क्रासिंग के पास एक युवक झोले में रखकर अवैध रूप से देशी शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुखराम पुत्र रामलौटन निवासी खालिसपुर थाना मालीपुर बताया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है।

## स्व गणना अभियान ने युवाओं, एनएसएस-एनसीसी कैडेट्स ने पकड़ी रफ्तार



स्व . गणना अभियान में मौजूद एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भारत की जनगणना के अंतर्गत संचालित स्व . गणना अभियान में जनसहभागिता का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। युवाओं, खेल स्टेडियम से जुड़े प्रतिभागियों, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स ने स्वयं स्व गणना पोर्टल पर अपना एवं अपने परिवार का विवरण दर्ज कर अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों के बीच स्व गणना को लेकर जागरूकता एवं उत्साह लगातार बढ़ रहा है। विशेष रूप से युवाओं द्वारा स्व-गणना में बढ़-चढक़र भाग लेने से अभियान को नई गति मिली है तथा आमजन में भी इसके प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचा है। पत्रकारों की सक्रिय सहभागिता ने जनसामान्य को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्व गणना अभियान के माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार से संबंधित जानकारी दर्ज कर राष्ट्र निर्माण की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सहभागी बन रहे हैं। युवाओं एवं स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय उपस्थिति से अभियान को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि वह निर्धारित अवधि के भीतर स्व-गणना पोर्टल पर अपना विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज करें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# क्षेत्र में गेस्ट हाउसों का कराएं पंजीकरण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** किछौछा दरगाह परिसर में किराए वाले मकानों, गेस्ट हाउसों का पंजीकरण कराने और बिना आईडी या आवश्यक कागजात के जायरीनों, यात्रियों को किराए वाले कमरे न उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किछौछा नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार शाम को प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण बैठक किया।

एसडीएम टांडा डॉ. शशि शेखर की अध्यक्षता और सीओ सिटी नितीश तिवारी व प्रशिक्षु आईएएस थनीगईयरसन टी की उपस्थिति में हुई बैठक में बड़ी संख्या में गेस्ट हाउस संचालक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। एसडीएम टांडा ने कहा कि सभी गेस्ट हाउसों, प्रतिष्ठानों का रजिस्ट्रेशन सराय अधिनियम बीएंडबी एवं होम स्टे नीति के तहत अनिवार्य रूप से कराए जाने की नितांत आवश्यकता है। एसडीएम ने उप्र बेड एंड ब्रेक फास्ट एवं होम स्टे नीति के तहत एक से छह कमरों तक और छह से अधिक कमरों का सराय एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन कराने की जानकारी दी। सीओ सिटी ने कहा कि बिना पहचान पत्र, जरूरी आईडी के किसी को कमरे न दिया जाए।



गेस्ट हाउस संचालकों के साथ बैठक करते एसडीएम टांडा डॉ. शशि शेखर और सीओ सिटी नितीश तिवारी व प्रशिक्षु आईएएस थनीगईयरसन टी। अमृत विचार

### बैठक में यह भी रहे उपस्थित

बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत किछौछा संजय जैसवारए सैय्यद अजीज अशरफ, एडवोकेट अब्दुल रसीद, फैजान खां, एडवोकेट दबीर अहमद, लल्लू खादिम, सईद मुजाविर, लल्लन, इजहार समेत भारी संख्या में गेस्ट हाउस संचालक और अन्य लोग मौजूद रहे।

## अब तक 88 क्रय केंद्रों पर 10 हजार 892 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में गेहूं खरीद प्रक्रिया एक माह से अधिक समय से जारी है। इस अवधि में अब तक 10 हजार 892 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। खरीदे गए गेहूं का लगभग 84 प्रतिशत भुगतान किसानों को कर दिया गया है। जनपद में गेहूं खरीद 1 अप्रैल से शुरू हुई थी। किसानों की सुविधा के लिए कुल 88 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। खरीद के शुरुआती दस दिनों में बोरों की कमी के कारण प्रक्रिया प्रभावित हुई थी, लेकिन बाद में बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित होने पर खरीद ने गति पकड़ी। अब तक 2 हजार 751 किसानों से कुल 10 हजार 892 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। शासन ने इस बार गेहूं खरीद के लिए 31 हजार 500 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया है। हालांकि वर्तमान खरीद की गति को देखते हुए इस लक्ष्य को प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी गोरख नाथ पांडेय ने बताया कि सभी केंद्रों पर खरीद सुचारु रूप से चल रही है।

## तमंचा व कारतूस के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार, दर्ज हैं 15 मुकदमे

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुकोतवाली जलालपुर पुलिस ने एक शातिर अपराधी को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बता दें कि थाना कोतवाली जलालपुर पुलिस टीम ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम नवानगर में संदिग्ध व्यक्ति की घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम राजितराम (30) पुत्र सिट्टू निवासी ग्राम शाहपुर फिरोजपुर थाना जलालपुर बताया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना जलालपुर में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध चोरी, लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट तथा गैंगस्टर एक्ट समेत विभिन्न थानों में करीब 15 मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी पर जलालपुर, बसखारी, कटका, अकबरपुर, जैतपुर तथा टांडा थानों में कई संगीन मामले पंजीकृत हैं।

## आपसी भाईचारे और सौहार्द पूर्ण मनाएं त्योहार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ईशा प्रिया एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने थाना अलीगंज क्षेत्रांतर्गत तलवापार हंस तिराहा स्थित मस्जिद एवं ईदगाह का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ सभी आयोजनों को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया जाए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द का प्रतीक हैं, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखें। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस थनीगईयरसन टी, उप जिलाधिकारी टांडा, क्षेत्राधिकारी टांडा, थाना प्रभारी अलीगंज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवक से मारपीट के मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कटका थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने पीडि़त की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पाभीपुर गांव निवासी अभिषेक ने कटका थाने में दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके चचेरे भाई की गांव के शनी से कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश को लेकर शनी अपने साथ धर्मेन्द्र, प्रेमचंद और विकास को लेकर उसके घर पहुंच गया। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी और पाइप से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में चोटें आईं। घटना के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।

**जन समस्या** | नगर पंचायत में पेयजल, सफाई और सड़क व्यवस्था बदहाल, विकास कार्य पड़े अधूरे

# वाजिदपुर दक्षिणी वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का है अभाव

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** नगरपालिका जलालपुर के वार्ड संख्या 12 वाजिदपुर दक्षिणी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। लगभग चार हजार लोगों की आबादी और करीब 2400 मतदाताओं वाले इस वार्ड में विकास कार्य अधूरे नजर आ रहे हैं। सकरी गलियां, टूटी-फूटी नालियां और जगह-जगह क्षतिग्रस्त इंटरलॉकिंग यहां की पहचान बन चुकी हैं।

बता दें कि नगरपालिका के गठन के साथ अस्तित्व में आए इस वार्ड में अभी तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो सकी है। पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है और ट्यूबवेल भी स्थापित है, लेकिन अब तक घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। लोग आज भी देसी हैंडपंप के सहारे पानी की व्यवस्था कर रहे हैं, जबकि वार्ड के लोगों से पानी का बिल वसूला जा रहा है। वार्ड के उत्तरी छोर पर तमसा नदी के किनारे बसे इस क्षेत्र में नालियां गंदगी से पटी हुई हैं। नियमित सफाई न होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और कई स्थानों पर जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। वहीं, गलियों में लटकते बिजली के तार और खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसे का खतरा बढ़ा रहे हैं। सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था न होने से लोगों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है, जिससे स्वच्छता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्ड के नवविस्तारित हिस्से में शामिल लगभग 150 घरों के लोग विकास की बाट जोह रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार नगरपालिका प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हो सका।



नगरपालिका जलालपुर के वाजिदपुर दक्षिणी में लगा कूड़े का अंबार। अमृत विचार

### नगर पालिका प्रशासन को भेजा गया है प्रस्ताव

वार्ड की सभासद नूर जहां ने बताया कि टूटी इंटरलॉकिंग और नालियों की मरम्मत का कार्य कराया गया है, जबकि शेष कार्यों के लिए प्रस्ताव नगरपालिका प्रशासन को भेजा गया है। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि साफ-सफाई और पेयजल आपूर्ति को लेकर प्रयास जारी हैं। बोरिंग कराई जा चुकी है और जल्द ही पाइपलाइन के माध्यम से पानी की आपूर्ति शुरू की जाएगी।

## भाजपा नगर अध्यक्ष के पिता का निधन, बालाघाट श्मशान घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** रविवार की भोर में जलालपुर नगर के मोहल्ला छाछू निवासी भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि के पिता और समाजसेवी दामोदर दास अग्रहरि ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। लंबे समय से बीमार चल रहे दामोदर दास ने भोर में अंतिम सांस लिया। उनका अंतिम संस्कार बालाघाट स्थित श्मशान घाट पर हुआ। इस अवसर पर राम प्रकाश यादव, डॉ. रजनीश सिंह, राम किशोर राजभर, शिवकुमार गुप्ता, संजीव मिश्र, दीपक त्रिपाठी, मानिक चंद सोनी, विकास निषाद, शाश्वत मिश्र, प्रवीण गौड़, विनय सिंह, शुभम पांडे रुद्र, कृष्णा अग्रहरि, आनंद जायसवाल, विपिन जायसवाल, दीपचन्द् सोनी, अरुण मिश्र, कृष्ण गोपाल गुप्ता, आदित्य मिश्र, आशीष सोनी, मनीष सोनी, सुरेश गुप्त, गौरव उपाध्याय, अमित गुप्ता, आशाराम मौर्या, राकेश गुप्ता, दुर्गेश अग्रहरि, बृजेश यादव, गोपाल सोनकर, दिलीप यादव, डेविड गोरे सहित भाजपा पदाधिकारी और नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। नगर के लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को संबल देने की प्रार्थना की है।

# जानलेवा हमले की तहरीर पर दो दिन बाद भी मुकदमा नहीं

गौरा चौकी, गोंडा

**अमृत विचार :** छपिया थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर निवासी एक युवक ने सुमेरपुर गांव के पांच लोगों पर जानलेवा हमला कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दे दी है, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

घनश्यामपुर निवासी बृजेश वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह बीती आठ मई की रात अपने रिश्तेदार के घर सुमेरपुर गया था। रात करीब दस बजे वापस लौटते समय रास्ते में गौतम वर्मा, अंकित वर्मा, अंशुल वर्मा, अमन वर्मा और विवेक निवासी सुमेरपुर (मीरपुरवा) ने उसे रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों के पास पिस्टल, चाकू व लोहे के हथियार थे। सभी ने मिलकर उसकी पिटाई की और जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह वह जान बचाकर मौके से निकल सका।

पीड़ित का कहना है कि घटना के संबंध में उसने दो दिन पहले थाना छपिया में नामजद तहरीर दी थी, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। इससे पीड़ित और उसके परिजनों में रोष है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जिस शाख पर बैठे हो वो टूट भी सकती है

## पूर्व सांसद बृजभूषण की पोस्ट से गरमाई सियासत

- मंत्रिमंडल विस्तार से जोड़कर लगाए जा रहे मायने
- चर्चाओं का दौर शुरू



बृजभूषण शरण सिंह पूर्व भाजपा सांसद।




एक्स पर की गयी पोस्ट।

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** अपने बेबाक बयानों और तल्ख राजनीतिक अंदाज के लिए चर्चित पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रविवार दोपहर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की गई उनकी एक पोस्ट ने प्रदेश की राजनीति में हलचल बढ़ा दी। पूर्व सांसद ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा कि "शोहरत की बुलंदी भी पल भर का तमाशा है, जिस शाख (डाल) पर बैठे हो वो टूट भी सकती है।" पोस्ट सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। इस पोस्ट को लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि बृजभूषण शरण सिंह की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन इसे संभावित मंत्रिमंडल विस्तार और उनके बेटे सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह के नाम कटने से जोड़कर देखा जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, रविवार को होने वाले संभावित मंत्रिमंडल विस्तार में ठाकुर चेहरे के तौर पर प्रतीक भूषण सिंह का नाम चर्चा में था। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा रही कि उनका नाम संभावित सूची में शामिल था, लेकिन अंतिम समय में नाम हट गया। बताया जा रहा है कि इसकी जानकारी पूर्व सांसद तक पहुंचने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर यह पोस्ट साझा की। पोस्ट वायरल होते ही प्रदेश का राजनीतिक तापमान बढ़ गया। राजनीतिक विश्लेषक इसके सियासी संकेत तलाशने में जुट गए हैं। भाजपा खेमे के भीतर भी इस पोस्ट को लेकर चर्चाएं तेज हैं। हालांकि किसी भी स्तर पर इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। गौरतलब है कि बृजभूषण शरण सिंह अपने स्पष्ट और बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं। अक्सर वह पार्टी लाइन से इतर भी खुलकर अपनी राय रखते रहे हैं।

कई बार उनके बयान राजनीतिक विवाद का कारण बने, लेकिन इसके बावजूद वह संवेदनशील और ज्वलंत मुद्दों पर बोलने से पीछे नहीं हटते। उनके इसी तेवर के चलते समय-समय पर पार्टी बदलने की अटकलें भी उठती रही हैं। अब एक्स पर की गई इस नई पोस्ट ने एक बार फिर उनकी नाराजगी और सियासी संदेशों को लेकर चर्चाओं को हवा दे दी है।

# शौर्य और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं महाराणा प्रताप



महाराणा प्रताप की जयंती पर आयोजित गोष्ठी में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर शनिवार को नगर के सिंचाई विभाग डाक बंगला परिसर में भव्य समारोह आयोजित हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार तेज प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि डॉ. शेर बहादुर सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप स्वाभिमान, साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। प्रवक्ता राकेश सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने घास की रोटियां खा लीं लेकिन मुगलों के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. एके सिंह, डॉ. राकेश कुमार सिंह, डॉ. अरुण कुमार सिंह व अनिल श्रीवास्तव ने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्श अपनाने का आह्वान किया। तेज प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप राष्ट्र चेतना के प्रेरणास्रोत हैं। अधिवक्ता त्रिलोकीनाथ तिवारी, कवि वीरेंद्र तिवारी 'बेतुक' और समाजसेवी खन्नू मिश्रा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम आयोजक सुभाष सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। महाराणा प्रताप स्मृति सम्मान से प्रशांत सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, अजय प्रताप सिंह, राम बहादुर पांडे कानूनगो, अवधेश सिंह राठौर, विकास सिंह लेखपाल, अमरेंद्र सिंह, शुभम सिंह, प्रियांशु सिंह, संतोष कुमार सिंह, रवि सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह व महादेव समेत 15 लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रियांशु प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, ज्वाला प्रसाद तिवारी, अखंड प्रताप सिंह, बबलू सिंह, राहुल सिंह, सुरेश वर्मा, सिद्धांत सिंह, अशोक सिंह, हारून, सुरेश दूबे, नितीश श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, सर्वेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

## मायका पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पहाड़ापुर चौकी अंतर्गत रामगढ़ गांव में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के मायके पक्ष ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है।



लल्ली फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार रामगढ़ गांव के मजरा सूबेदार पुरवा निवासी लल्ली पत्नी शिवकुमार की रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतका के भाई खचूं पुत्र दयाराम निवासी पदम पिछौरा, थाना हुजूरपुर, जनपद बहराइच ने बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए पति शिवकुमार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। बताया गया कि लल्ली की शादी चार वर्ष पूर्व शिवकुमार से हुई थी। दंपति का तीन वर्षीय पुत्र दिव्यांश भी है। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। निरीक्षक अपराध मनोज पाठक ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक महिला ने आत्महत्या कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## दहेज के लिए पत्नी, ससुर और साले को पीटा

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** सिंहपुर के मजरा कुरहा से दहेज के लिए पत्नी से मारपीट का मामला सामने आया है। बेटी से मिलने पहुंचे पिता-पुत्र से भी मारपीट की गई है जिसकी शिकायत थाने पर की है। परसपुर के चौबेपुर के भटपुरवा निवासी सत्य नारायन मिश्र ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसने अपनी बेटी निधि की शादी तीन वर्ष पूर्व तरबगंज के सिंहपुर के कुरहा गांव निवासी जितेन्द्र शुक्ला से की थी जिनके 11 माह का एक लड़का भी है। शादी के एक वर्ष बाद अतिरिक्त दहेज जेवर व 50000 रुपए की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करने लगा, जबकि हैसियत के अनुसार दान दहेज दे चुके हैं। शनिवार की सुबह करीब 9 बजे पति जितेन्द्र शुक्ला व सास माया देवी ससुर नमो नरायन ने मिलकर बेटी को पीटा। सूचना मिलने पर जब वह बेटे दुर्गेश के साथ बेटी के घर पहुंचे तो सभी लोगों ने मारपीट की। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि सत्य नारायन मिश्र की तहरीर पर उसकी बेटी के पति व सास-ससुर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# बेटी की विदाई कराने पहुंचे पिता पर हमला

**उमरी बेगमगंज, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र में बेटी की विदाई कराने पहुंचे पिता और उनके परिजनों पर हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऐली परसौली पूरे दौलत निवासी चौधरी पासवान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बेटी सुमित्रा की विदाई कराने उसकी ससुराल गए थे। आरोप है कि जैसे ही वह बेटी के दरवाजे पर पहुंचे, तभी बंजरवा लिलोई खुर्द निवासी हौसला, दुर्गा, बाबू, दुर्गा की पत्नी, अभिमन्यु, धर्मू, छोटू, कंचन, पिंटू समेत अन्य लोगों ने उन पर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने चौधरी पासवान, उनके भाई भवानी व बरसाती, बेटे गुड्डू तथा रिश्तेदार कालू, बाबू और चिंगू को लाठी-डंडों से पीटा। मारपीट में कई लोगों को चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक उमरी बेगमगंज चंदन कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अखिलेश का अभद्र पोस्टर वायरल होने से सपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश



धानेपुर थाने पर मौजूद सपा नेत्री व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**धानेपुर गोंडा, अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पोस्टर पर पैर रखकर वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सपाइयों में आक्रोश फैल गया है। सपा महिला प्रकोष्ठ की ओर से धानेपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अंजू वर्मा ने बताया कि धानेपुर क्षेत्र के उजैनी कला छिटई पुरवा निवासी एक युवक ने पोस्टर में छपे अखिलेश यादव के चित्र पर पैर रखकर वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो की जानकारी मिलने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई।

उन्होंने इस संबंध में थाने पर प्रार्थना पत्र देकर आरोपी युवक के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और पुलिस इसकी जांच-पड़ताल कर रही है। फिलहाल उन्हें कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# भागवत कथा सुनकर भावविभोर हुए भक्त

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** दुलारे बाग, बहुवन मदार मांझा में आयोजित नौ दिवसीय श्री वैभव लक्ष्मी महायज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर यज्ञ, पूजन और श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। महायज्ञ के अंतर्गत प्रतिदिन सायंकाल आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पूज्य गोपाल सेवक बाबा कालिंदी चरण दास जी महाराज श्रद्धालुओं को कथा अमृत का रसपान करा रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह दिव्य ग्रंथ मानव जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर रामकुमार सिंह, मंजू सिंह, बबलू सिंह, चंद्रहास सिंह 'मंटू', भूलन सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारेगी लोजपा : अनिल



लोजपा के अनिल त्रिपाठी का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक रविवार को सर्कुलर रोड स्थित एक मैरिज हाल में राष्ट्रीय सचिव डॉ. कल्पराम त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित की गई। लोजपा के प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए के घटक दल के रूप में अपने प्रत्याशी उतारेगी। राष्ट्रीय सचिव खेल एवं संस्कृति प्रकोष्ठ डॉ. कल्पराम त्रिपाठी ने कहा कि देवीपाटन मंडल के सभी जिलों में संगठन को बूथ स्तर तक खड़ा कर चुनाव में पार्टी की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भगवान दीन पासवान ने की, जबकि संचालन रविंद्र कुमार पांडेय ने किया। बिहार से विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे कुंदन शर्मा ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में गोंडा के कार्यकर्ताओं ने आधा दर्जन सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने में योगदान दिया। इस अवसर पर खेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रोहित जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष जानकी प्रसाद वर्मा, डीएन शुक्ला 'लल्ला भइया', सुधीर तिवारी, दीपक गुप्ता, विवेक जायसवाल, विनोद शुक्ल, शफीक रैनी, शशांक, शोभित 8 अंकुर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में तीन महिलाएं घायल, एक की हालत गंभीर

धानेपुर गोंडा

**अमृत विचार:** धानेपुर क्षेत्र में रविवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन महिलाएं घायल हो गई। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुजेहना पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल एक बुजुर्ग महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

रविवार दोपहर करीब तीन बजे गोंडा-उतरौला मुख्य मार्ग पर सोहिला झील के निकट एक ई-रिक्शा और स्कूटी की टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार दो महिलाएं घायल हो गईं। घायल महिलाओं की पहचान बलरामपुर जिले के रामपुर बगनहा निवासी प्रिया देवी और कृष्णा कांती के रूप में हुई है। घायलों ने बताया कि वे दोनों स्कूटी से गोंडा दवा लेने गई थीं और वापस लौटते समय सोहिला झील के पास एक ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। 108 एम्बुलेंस के ईएमटी राजू जायसवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को सीएचसी मुजेहना में भर्ती कराया गया। इसी दौरान इंदिरा नगर के पास हुए एक अन्य हादसे में भौरहा पुरवा निवासिनी सुरसती (65) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें भी सीएचसी मुजेहना लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ी बाइक, दो घायल

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कौड़िया में चल रही राजन जी महाराज की कथा से वापस लौट रहे बाइक सवार दो लोग सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सकरौरा ग्रामीण निवासी शिवानंद मिश्रा (52) की हालत नाजुक बताई जा रही है, जबकि पीछे बैठे सुदईपुरवा निवासी मुन्ना शुक्ला का पैर टूट गया। बताया जाता है कि शनिवार रात करीब 10 बजे दोनों लोग बाइक से कथा सुनकर घर लौट रहे थे। परसौली पुरवा मोड़ के पास अचानक एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मुड़ गई, जिससे बाइक उसकी चपेट में आ गई। दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से दोनों को गोंडा ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने शिवानंद की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं मुन्ना का उपचार चल रहा है।

# करनैलगंज में दम तोड़ रहा ऑपरेशन त्रिनेत्र

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** अपराध नियंत्रण और निगरानी के लिए शुरू किया गया ऑपरेशन त्रिनेत्र करनैलगंज में दम तोड़ता नजर आ रहा है। नगर और प्रमुख चौराहों पर लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए अधिकांश सीसीटीवी कैमरे महीनों से खराब पड़े हैं। ऐसे में लगातार बढ़ रही लूट, चेन स्नेचिंग और मूर्ति चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस अब व्यापारियों के प्रतिष्ठानों और ग्रामीणों के घरों में लगे निजी कैमरों की फुटेज के सहारे जांच पड़ताल कर रही है।

हाल ही में हुजूरपुर क्षेत्र की एक महिला के साथ नगर में हुई घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। महिला ई-रिक्शा से घर लौट रही थी, तभी उसके बैग से लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर गायब हो गए। पीड़िता ने डायल 112 से लेकर कोतवाली तक गुहार लगाई, लेकिन आरोप है कि मामले को बड़ी वारदात मानने के बजाय बैग गुमशुदगी दिखाकर हल्का करने का प्रयास किया गया। इसी तरह सकरौरा ग्रामीण के मजरे छतईपुरवा निवासी महिला की चेन स्नेचिंग की घटना में भी एक सप्ताह बाद तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

बाबा बटौरा मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु देवेंद्र प्रताप सिंह की बाइक मंदिर परिसर से चोरी हो गई। वहीं सोनहरा गांव के मंदिर से अष्टधातु की मूर्तियां चोरी होने की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे कराने आए 76 वर्षीय बलिकरन सिंह की जेब काट ली गई। इलाज के लिए रखी रकम पार होने से बुजुर्ग परेशान नजर आए।

वहीं रेरुवा निवासी व्यापारी नागेश्वर पाण्डेय की दुकान से गल्ला और जरूरी दस्तावेज चोरी कर बदमाशों ने मुख्य मार्गों पर भी पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए।

## महीनों से खराब पड़े हैं सीसीटीवी कैमरे



ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत नगर के प्रमुख चौराहों और बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, लेकिन रखरखाव के अभाव में अधिकतर कैमरे बंद पड़े हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी कोई घटना होती है पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कहती है, लेकिन हकीकत में कैमरे बंद होने से अपराधियों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। क्षेत्राधिकारी करनैलगंज अभिषेक दावाच्या ने बताया कि पुलिस टीमें सक्रिय हैं और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

# आप ने संगठन विस्तार को लेकर बनाई रणनीति



आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाते जिलाध्यक्ष अजय मिश्र अज्जू।

**गोंडा, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी की ओर से रविवार को कर्नलगंज विधानसभा क्षेत्र के ओसावनपुरवा स्थित एक निजी विद्यालय में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक बौद्ध प्रांत अध्यक्ष इं. इमरान लतीफ के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम एवं जिला प्रभारी अभिषेक प्रताप सिंह के निर्देश पर संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र उर्फ अज्जू पंडित की मौजूदगी तथा कर्नलगंज विधानसभा अध्यक्ष सतेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर जनता की समस्याएं सुनने और उनके समाधान के लिए सक्रिय रहने की अपील की। इस दौरान राजू कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, रवि सिंह, साधू शरण वर्मा, आशीष पाल, कृष्णा सिंह, राहुल पाल, देवता दीन गौतम, राम कुमार पाल, शिव कुमार वर्मा, शनि कुमार, अजय निषाद और अशोक कुमार सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

**श्री राम कथा** सम्मय माता मंदिर प्रांगण में किया जा रहा आयोजन, कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त

# भरत के त्याग और रामभक्ति से भावविभोर हुए श्रद्धालु



कथा व्यास राजन जी से मिलते विधायक विनय कुमार द्विवेदी। ● अमृत विचार



रामकथा सुनने के लिए उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** कटरा बाजार क्षेत्र के पैड़ीबार गांव स्थित सम्मय माता मंदिर प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के सप्तम दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास राजन जी महाराज ने अपने प्रवचन से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कथा के दौरान महाराज जी ने भगवान श्रीराम के वनवास और भरत चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब प्रभु श्रीराम को वनवास हुआ और उनके वियोग में महाराज दशरथ गोलोकवासी हो गए, उस समय भरत जी अपने ननिहाल में थे। अयोध्या से दूत जब उन्हें बुलाने पहुंचे, तभी से भरत के मन में अनगिनत आशंकाएं जन्म लेने लगीं। जैसे ही भरत जी अयोध्या पहुंचे, उन्हें पूरी नगरी बदली-बदली सी दिखाई दी। जो अयोध्या सदैव उत्सवों और मंगल ध्वनियों से गूंजती रहती थी, वह उस समय श्मशान जैसी शांत और उदास थी। नर-नारी ही नहीं, पशु-पक्षी तक शोक में डूबे दिखाई दे रहे थे। भरत जी सीधे माता कैकेयी के महल पहुंचे। कैकेयी को लगा कि वह पुत्र को राज्य का उपहार दे रही हैं, लेकिन भरत के लिए वह राज्य विष के समान था। जब भरत ने महाराज दशरथ के बारे में पूछा, तो कैकेयी ने सहज भाव से कहा, तात! तुम्हारे पिता स्वर्ग सिधार गए। यह सुनते ही भरत जी मूर्छित होकर भूमि पर गिर पड़े। होश आने पर जब उन्होंने प्रभु श्रीराम के विषय में पूछा, तब कैकेयी ने बताया कि उन्हें 14 वर्षों के लिए वनवास भेज दिया गया है। राजन जी महाराज ने कहा कि यह सुनकर भरत जी का क्रोध चरम पर पहुंच गया। उन्होंने माता कैकेयी को कुल नाशिनी कहकर संबोधित किया और स्पष्ट कहा कि जिस राज्य के लिए राम का त्याग किया गया हो, वह राज्य उनके लिए नरक के समान है। इसके बाद भरत जी माता कौशल्या के पास पहुंचे। माता कौशल्या ने उन्हें हृदय से लगा लिया। यद्यपि कैकेयी के कारण उनका सुहाग और पुत्र दोनों उनसे दूर हो गए थे, फिर भी उन्होंने भरत पर कोई दोष नहीं लगाया। भरत जी ने रोते हुए कहा, मां! यदि इस षड्यंत्र में मेरी रत्तीभर भी सहमति हो, तो मुझे वही पाप लगे जो गुरु हत्या करने वाले को मिलता है। महाराज जी ने कहा कि भरत का चरित्र त्याग, प्रेम और मर्यादा की सर्वोच्च मिसाल है। पिता का निधन हो चुका था, भाई वन में थे और पूरा संसार उन्हें दोषी मान रहा था, लेकिन उन्होंने राज्य को ठुकराकर श्रीराम की चरण पादुकाओं को ही अपना सर्वस्व मान लिया। उन्होंने कहा- भरत सरिस कोउ राम सनेही। अर्थात भरत जैसा रामभक्त और प्रेमी संसार में दूसरा कोई नहीं। महाराज जी ने कहा कि अयोध्या का समस्त राज्य भरत के चरणों में पड़ा था, लेकिन उनका मन केवल चित्रकूट में प्रभु श्रीराम के चरणों में लगा था।

कथा में भाजपा विधायक विनय द्विवेदी, भाजपा नेता भवानी भीख शुक्ल, ब्लॉक प्रमुख तरबगंज मनोज पाण्डेय, विनय शंकर तिवारी, पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय, बीना मिश्रा, विनोद शुक्ल, राकेश त्रिपाठी, अयोध्या धाम से करपात्री जी, बैजनाथ दूबे, सूरज सिंह सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दो युवतियां अगवा मुकदमा दर्ज

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में युवतियों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने नामजद दो आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किया है।

एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 18 वर्षीया पुत्री शुक्रवार रात घर से निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। जानकारी मिली कि गांव का ही एक युवक उसे अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। वहीं दूसरे मामले में एक युवक ने अपनी 24 वर्षीय बहन को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार अशोक कुमार बारी उर्फ बब्बन थाना वजीरगंज के ग्राम नगवा का निवासी है तथा पहले से शादीशुदा है। परिजनों ने युवती की सुरक्षा को लेकर आशंका जताई है। थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बताया कि दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर युवतियों की तलाश की जा रही है।

# शहर की समस्याओं पर कांग्रेस का मंथन




बैठक में मौजूद कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक रविवार को कांग्रेस भवन में शहर अध्यक्ष एवं सभासद शाहिद अली कुरेशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जल निकासी, रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, स्मार्ट प्रीपेड मीटर की गड़बड़ी, विद्युत विभाग की लापरवाही तथा जलभराव जैसी समस्याओं पर चर्चा की गई। शाहिद अली कुरेशी ने कहा कि महंगाई और बढ़ती कीमतों से आमजन त्रस्त हैं। रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। उन्होंने कहा कि बरसात नजदीक है, लेकिन शहर में जलभराव की समस्या के समाधान को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों की पत्रावलियां नगर पालिका और तहसील स्तर पर लंबित पड़ी हैं। बैठक में लाल बहादुर पांडे को शहर कमेटी का संरक्षक, डॉ. हसीना खान को शहर उपाध्यक्ष तथा कवलजीत को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। साथ ही गैस मूल्य वृद्धि के विरोध में धरना, स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर विद्युत विभाग का घेराव तथा जलभराव की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सैयद अब्दुल मुजीब, चांद खान, शिव प्रताप शुक्ला, विनय प्रकाश त्रिपाठी, निर्मला देवी, विकास मनोहर श्रीवास्तव, शाहिद अंजुम, नूरजहां, बंसी सोनकर, इमरान खान, मंजूर अली समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अनार तोड़ने के विवाद में अगवा कर किशोर की हत्या

## दो दिन से लापता था, शव को घर के नजदीक गड्ढे में फेंका

गौरा चौराहा, बलरामपुर

वारदात

● आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश देने में जुटी पुलिस

अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर में दो दिन से लापता किशोर का शव घर के पास खाली प्लॉट में बने गड्ढे में मिला। एक सप्ताह पूर्व अनार तोड़ने को लेकर हुए विवाद के बाद पाटीदारों ने किशोर को अगवा कर उसकी हत्या कर दी थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर अपहरण कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार त्रिलोकपुर निवासी राजकुमार (12) पुत्र नानबाबू बीते गुरुवार शाम घर से बाहर शौच के लिए निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद थाने में गुमशुदगी की सूचना दी थी। शनिवार दोपहर गांव के बच्चे खेलते समय घर के बगल खाली प्लॉट में बने गड्ढे के पास पहुंचे, जहां किशोर का शव पड़ा दिखाई दिया। बच्चों की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। परिजनों का आरोप है कि करीब एक सप्ताह पहले अनार तोड़ने को लेकर बच्चों के बीच विवाद हुआ था। आरोपियों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की थी और जान से मारने की धमकी दी थी। उनका कहना है कि उसी रंजिश में किशोर का अपहरण कर उसकी हत्या की गई। परिजनों ने शव पर चोट के निशान होने का भी दावा किया है।

थानाध्यक्ष हरीश सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी रमेश, दिनेश, महेश और उमेश के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

## एमडीएम घोटाले में एक और गिरफ्तार

बलरामपुर, अमृत विचार : एमडीएम में 11 करोड़ रुपये से अधिक सरकारी धन के गबन मामले में कोतवाली नगर पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त जुनैल आबदीन को गिरफ्तार किया।

मामला वर्ष 2025 में सामने आया था, जब बीएसए शुभम शुक्ला की तहरीर पर डीसी एमडीएम फिरोज अहमद खान सहित 45 लोगों के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि विद्यालयों की छात्र संख्या के आधार पर तैयार मूल एक्सल शीट में बदलाव कर कुछ विद्यालयों के खातों में अधिक धनराशि भेजी जाती थी और बाद में रकम निकालकर आपस में बांट ली जाती थी।

इस मामले में अब तक 13 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में की गई।



स्कूल में लगे शुद्ध पेयजल प्लांट के साथ अतिथि व बच्चे। ● अमृत विचार

## तीन विद्यालयों में शुद्ध पेयजल संयंत्र स्थापित

जरवा, बलरामपुर अमृत विचार : वे टू लिव फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से बच्चों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंपोजिट विद्यालय तुलसीपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहटी गैसड़ी तथा प्राथमिक विद्यालय जुगुनभरिया गैसड़ी में आरओ मिनरल वाटर संयंत्र स्थापित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता एवं अभियंता अय्यूब खान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की नींव है। समाजहित में किया गया यह प्रयास प्रेरणादायी और सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शुद्ध पानी की उपलब्धता से बच्चों को जलजनित बीमारियों से बचाव मिलेगा और उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से हरीश गुप्ता, पदमा वर्मा, नागेश्वर नाथ मिश्रा एवं मोहम्मद शहाबुद्दीन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संस्था की ओर से संजय कुमार ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 1680 मरीजों की जांच



मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ। ● अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार : जनपद के सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें 1680 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लाभार्थियों में 745 पुरुष, 714 महिलाएं और 221 बच्चे शामिल रहे। मेलों में मरीजों का पंजीकरण कर सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर, टीबी, कुष्ठ, नेत्र एवं दंत रोगों की जांच की गई। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, परिवार नियोजन संबंधी परामर्श तथा बच्चों का टीकाकरण भी कराया गया। स्वास्थ्य मेलों में आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। दवा वितरण काउंटर के माध्यम से मरीजों को नि:शुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज पहुंचकर स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## नि:शुल्क आयुर्वेद शिविर में 65 मरीजों को बांटी गईं दवाएं



मरीज की जांच करते डॉ. राकेश चंद्रा। ● अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार : वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. राकेश चंद्रा द्वारा आरोग्य सेवा सदन क्लीनिक पर नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला एवं डॉ. राकेश चंद्रा ने भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप एवं धूप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में करीब 65 मरीजों की जांच कर उन्हें राजस्थान औषधालय द्वारा उपलब्ध कराई गई नि:शुल्क आयुर्वेदिक दवाएं वितरित की गईं। साथ ही मधुमेह की जांच भी मुफ्त में की गई। शिविर में विशेष रूप से जोड़ों के दर्द, बवासीर एवं स्त्री रोग से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया। डॉ. राकेश चंद्रा ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से अनेक बीमारियों का प्रभावी उपचार संभव है और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना उनका उद्देश्य है। शिविर संचालन में डॉ. अफजाल अहमद खान, डॉ. विमल त्रिपाठी, भाजपा मीडिया प्रभारी डीपी सिंह, राजस्थान औषधालय के प्रतिनिधि प्रकाश व प्रकाश पैथालॉजी के ओम प्रकाश का योगदान रहा।

## मजीद मोड़ पर धंसी सीवर लाइन से जलभराव

बलरामपुर, अमृत विचार : नगर क्षेत्र के मजीद मोड़ पर सीवर लाइन धंसने और लीकेज की समस्या से उत्पन्न जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लगातार बारिश से सड़क पर कीचड़ और पानी भर जाने से राहगीरों तथा दुकानदारों की दिक्कतें बढ़ गई थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए आदर्श नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से बातचीत कर समस्या की जानकारी ली और जल निगम के अधिकारियों व संबंधित ठेकेदार को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। डीपी सिंह बैस ने कहा कि आमजन की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सीवर लाइन की लीकेज बंद कर धंसी हुई मिट्टी को जल्द दुरुस्त करने को कहा। जल निगम की टीम ने मौके पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार सीवर लाइन के आसपास मिट्टी को मजबूत किया जा रहा है, ताकि मार्ग सुरक्षित एवं सुचारु बनाया जा सके।

## युवराष्ट्र की जिला टोली गठित

बलरामपुर, अमृत विचार : युवराष्ट्र के अंतर्गत युवा शिक्षक, चिकित्सक, व्यवसायी, कृषक, समाजसेवी एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े युवा कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित हुई। कार्यक्रम प्रांतीय अधिकारी संजय और अवध प्रांत प्रमुख धीरेन्द्र के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बैठक में युवराष्ट्र की जिला टोली का गठन किया गया। अवध प्रांत प्रमुख धीरेन्द्र ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश का प्रतिभाशाली युवा विदेशों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है, जबकि उसकी प्रतिभा का लाभ अपने राष्ट्र को मिलना चाहिए। विभाग प्रमुख नीलमणि ने बताया कि जल्द ही विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े युवाओं की अलग-अलग टोलियां गठित की जाएंगी, जिससे संगठन को और मजबूत किया जा सके। बैठक में जीतेन्द्र, किरीट, उत्कर्ष, सुधीर, प्रकाश और देवेंद्र समेत विभिन्न क्षेत्रों के युवा मौजूद रहे।

# लोक अदालत में 46 हजार से अधिक वाद निस्तारित



राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण कराते लोग। ● अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर के तत्वावधान में सिविल न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्कर्ष चतुर्वेदी ने की।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री यशपाल वर्मा ने बताया कि न्यायालयों में कुल 12,398 वाद नियत किए गए, जिनमें 6,979 मामलों का निस्तारण कर 1.60 लाख रुपये से अधिक अर्थदंड वसूला गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 46,834 लंबित एवं प्रीलिटिगेशन मामलों का निस्तारण हुआ। आयोजन स्थल पर मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण भी किया गया। जिला कारागार के बंदियों द्वारा निर्मित अगरबत्तियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

## निदान क्लीनिक सील किया गया

बलरामपुर, अमृत विचार : गौरा चौराहा स्थित बिना लाइसेंस संचालित निदान क्लीनिक को स्वास्थ्य विभाग ने सील कर दिया है। महिला की मौत के मामले में क्लीनिक के चिकित्सक पर आरोप लगने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने क्लीनिक के अभिलेखों की जांच की। जांच के दौरान पता चला कि निदान क्लीनिक बिना वैध लाइसेंस के संचालित किया जा रहा था। नियमों की अनदेखी पर विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने क्लीनिक संचालक डॉ. शमीमुल्लाह को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मामले की आगे भी जांच की जा रही है और दोष पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# तीसरे दिन भी लोगों का प्रदर्शन

● रसोई गैस सिलेंडर न मिलने पर फूटा उपभोक्ताओं का गुस्सा



रसोई गैस सिलेंडर के लिए हाईवे जामकर प्रदर्शन करते उपभोक्ता।

बलरामपुर, अमृत विचार : घरेलू गैस सिलिंडर की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को तीसरे दिन भी नाराज लोगों ने तुलसीपुर हाईवे पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। करीब आधे घंटे तक चले हंगामे से सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह स्थिति को नियंत्रित कराया।

जिला मुख्यालय स्थित गैस एजेंसियों पर अव्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि बुकिंग कराए डेढ़ से दो माह बीत जाने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा।

कालीथान स्थित बालाजी गैस एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग गई। तेज धूप में सड़क तक लोग खड़े रहे। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि एजेंसी पर वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लोगों का आक्रोश स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी दिख रहा था।

लोगों का कहना था कि स्थानीय विधायक भी समस्या के समाधान में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। उपभोक्ताओं द्वारा हाईवे जाम करने की सूचना मिलने पर सदर उप जिलाधिकारी हेमंत गुप्त, क्षेत्राधिकारी ज्योतिश्री और जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने एजेंसी पहुंचकर निरीक्षण किया तथा एजेंसी संचालक को नियमानुसार रसोई गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के पकड़ी-तरबगंज मार्ग पर रविवार दोपहर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

विशाल सिंह (22) एवं सूरज सिंह (26) निवासी परास पट्टी मझवार बाइक से तरबगंज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपिन बिहारी महाविद्यालय के सामने सामने से आ रही बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि घायलों में एक युवक की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।



पगडंडी में तब्दील जैतापुर- पचपेड़वा -चंदनपुर मार्ग। ● अमृत विचार

## हादसों का कारण बना जर्जर मार्ग

जैतापुर, बलरामपुर, अमृत विचार : जैतापुर से पचपेड़वा होते हुए चंदनपुर जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े और गहरे गड्ढों ने राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क जर्जर अवस्था में पड़ी हुई है, लेकिन अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया। बरसात और भारी वाहनों के लगातार आवागमन के चलते सड़क की स्थिति और खराब हो चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई वाहन चालक गड्ढों में फंसकर चोटिल हो चुके हैं। रात के समय यह मार्ग और अधिक खतरनाक हो जाता है, क्योंकि अंधेरे में गड्ढे दिखाई नहीं देते। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन से जल्द सड़क की मरम्मत कराने तथा गड्ढों को भरवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। लोगों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है, इसलिए इसकी मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराई जानी चाहिए, ताकि हादसों पर रोक लग सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

## आग ने उजाड़ी सगे भाइयों की गृहस्थी

बलरामपुर, अमृत विचार : बलुहा पुलिस चौकी के सामने शनिवार देर रात मोमबत्ती से लगी आग में दो भाइयों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। हादसे में नकदी, जेवर, कपड़े, फर्नीचर और शादी के लिए रखा सामान समेत लाखों रुपये का नुकसान हुआ।

नफीस ने बताया कि बिजली न होने के कारण परिवार के लोग मोमबत्ती जलाकर सो गए थे। देर रात मोमबत्ती से निकली चिंगारी ने घर के ऊपरी हिस्से में आग पकड़ ली और देखते ही देखते लपटों ने दोनों कमरों को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया गया कि मोहम्मद वकील की शादी एक वर्ष पहले हुई थी, जबकि मोहम्मद सलीम बेटी की शादी की तैयारी कर रहे थे। लेखपाल पुनीत मिश्रा ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट भेज दी है।

# 150 गांवों के किसानों को मुफ्त मिलेगा उन्नत बीज

गोंडा, अमृत विचार : किसानों के लिए राहत भरी खबर है। प्रदेश सरकार की यूपी एग्रीज परियोजना के तहत जिले के पांच विकास खंडों के 150 गांवों में किसानों को निःशुल्क उन्नत बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

कृषि विभाग ने योजना को धरातल पर उतारने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले के बभनजोत, बेलसर, करनैलगंज, परसपुर और तरबगंज ब्लॉक के 30-30 गांवों का चयन किया गया है। इन गांवों में क्लस्टर प्रदर्शन कार्यक्रम संचालित किया जाएगा, जिसके तहत किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों से जोड़ते हुए उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। प्रत्येक चयनित गांव में 10 से 20 सीमांत एवं लघु किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिले में 5122 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ढैचा-धान तथा 1992 हेक्टेयर क्षेत्र में ढैचा-

> शासन के निर्देश पर जिले के पांच ब्लॉकों के 150 गांवों का चयन किया गया है। उद्देश्य किसानों को बेहतर बीज उपलब्ध कराकर आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी आय बढ़ाने में मदद करना है।
>
> –सीपी सिंह, जिला कृषि अधिकारी

मक्का का प्रदर्शन कराया जाएगा। इसके लिए किसानों को 1537 कुंतल धान, 398 कुंतल मक्का और 2816 कुंतल ढैचा बीज निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

धान की पीआर-126, सांभा सब-1, आईआर-64 सब-1 और स्वर्णा समृद्धि प्रजाति के बीज वितरित किए जाएंगे। वहीं मक्का की मल्लिका, पीएसी-751 और डिकाल्ब प्रजाति के बीज किसानों को दिए जाएंगे। विभाग का मानना है कि उन्नत बीजों के प्रयोग से खेती की लागत घटेगी और उत्पादन में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय में भी इजाफा होगा।

विकास कार्य

नगर पंचायत धानेपुर के वार्ड संख्या 10 में चिह्नित की गई जमीन

# सुधरेगी सेहत : बनेगा योग सेंटर, जिम और स्वीमिंग पूल

गोंडा, अमृत विचार : नगर पंचायत धानेपुर की तस्वीर बदल रही है। विकास का पहिया यहां तेजी से दौड़ रहा है। विकास के इस क्रम में नगर के वार्ड संख्या 10 में योग सेंटर, जिम व स्वीमिंग पूल निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके लिए जमीन भी चिन्हित कर ली गई है।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ मेहनौन विधायक ने इस जमीन का मुआयना किया और इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक ने कहा कि योग सेंटर, जिम व स्वीमिंग पूल के निर्माण से न सिर्फ इस क्षेत्र का विकास तेजी से होगा बल्कि स्थानीय लोग इस सुविधा का लाभ उठाकर सेहतमंद भी बनेंगे। वर्ष 2021 में धानेपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिला था। उमा देवी यहां से पहली निर्वाचित अध्यक्ष हैं। नगर पंचायत के गठन के बाद से ही मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी यहां की नगरीय सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुटे हैं। उनके इस प्रयास का असर भी दिखाई दे रहा है। बाजार में सड़क की दोनों पटरियों पर इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। स्ट्रीट लाइट से समूचा नगर पंचायत जगमग है। धानेपुर व इंद्रानगर में ओपन जिम की स्थापना हो चुकी है तो खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इंडोर स्टेडियम का निर्माण त्वरित गति से चल रहा है। बेटियों की पढाई व आवासीय सुविधा के लिए छात्रावास का निर्माण पूरा हो गया है। वहीं मुख्यमंत्री अभ्युदय स्कूल का निर्माण भी हो रहा है। इस स्कूल में गरीब मेधावी छात्रों को आधुनिक शिक्षा, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासरूम और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी। इसी क्रम में अब वार्ड नंबर 10 सरदार पटेल नगर में जिम, योग सेंटर व स्वीमिंग पूल निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन विकास योजनाओं के साथ यहां पर सरदार पटेल की प्रतिमा भी स्थापित की जायेगी। इसके लिए विद्युत उपकेंद्र धानेपुर के सामने सड़क से सटी जमीन को चिह्नित किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रक्षा राम वर्मा ने बताया कि इस निर्माण के लिए जमीन आरक्षित कर ली गयी है। जल्द ही प्रस्ताव स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जायेगा।



प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण करते व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रक्षाराम वर्मा से जानकारी लेते मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी। ● अमृत विचार

## स्थानीय लोगों ने प्रस्ताव को सराहा



परमात्मा दीन तिवारी।



राजन जायसवाल।



अनिल वर्मा।

गोंडा, अमृत विचार : जिम, योग सेंटर व स्वीमिंग पूल निर्माण के प्रस्ताव पर यहां के लोग गदगद हैं। सिंहपुर गांव के रहने वाले परमात्मादीन तिवारी का कहना है कि यह सब किसी सपने के पूरे होने जैसा है। स्वीमिंग पूल, योग सेंटर यह सब बड़े शहरों की बात हुआ करती थी लेकिन अब यह सब कस्बे में होगा यह कभी सोचा नहीं था। इसका श्रेय वह विधायक विनय द्विवेदी को देते हैं। कहते हैं कि जो विकास कार्य उन्होंने अपने कार्यकाल में किया वह पहले कभी नहीं हुआ। राजन जायसवाल का कहना है कि इससे विकास की गति और तेज होगी। अनिल वर्मा का कहना है कि योग सेंटर, जिम व स्वीमिंग पूल बनने से कस्बे में शहर जैसी सुविधा मिल सकेगी।

## मातृ दिवस पर माताएं सम्मानित

गोंडा, अमृत विचार: मातृ दिवस पर केसीआईटी पब्लिक स्कूल में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के क्लास प्ले ग्रुप से कक्षा चार तक के छात्र-छात्राओं ने गीत, कविता, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान माताओं के सम्मान में विशेष आयोजन किए गए। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के जरिए मां के त्याग, समर्पण को मंच पर प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक कमलेश पटेल एवं प्रधानाचार्या अंकिता श्रीवास्तवा ने कहा कि मातृ दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि मां के अतुलनीय योगदान को सम्मान देने का अवसर है।

विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

डा0 पुष्पेंद्र सिंह स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय
ग्राम - घाटमपुर पो - पश्चिम दुआरा, अमेठी

आवश्यकता है

स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी.ए.) पाठ्यक्रम में अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, गृह विज्ञान, समाज शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, सैन्य विज्ञान, चित्रकला, भूगोल एवं बी.एससी. पाठ्यक्रम में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषयों में प्रवक्ता 01–01 पद। परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम.ए.) पाठ्यक्रम में प्राचीन इतिहास, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, गृहविज्ञान एवं एम. एससी. पाठ्यक्रम में प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान विषयों में प्रवक्ता 02–02 पद।

योग्यता एवं वेतनमान - यू.जी.सी. एवं राज्यविश्विद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 15 कार्य दिवस के भीतर अपने शैक्षिक अभिलेख की छायाप्रति के साथ विद्यालय के पते संपर्क करें।

प्रबंधक
मनोरमा सिंह

इसरावती देवी महाविद्यालय
कम्मरपुर, हरीपुर, सुलतानपुर

में आवश्यकता है-

परास्नातक स्तर पर एम0ए0 (हिन्दी, समाजशास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान एवं अंग्रेजी) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद तथा एम0एस0सी0 (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय–वीरेन्द्र मिश्र
मो0नं0–6306111178

श्रीमती श्यामा देवी हर्ष महाविद्यालय
भवानीगढ़, रैंचा-सुल्तानपुर (उ०प्र०)

आवश्यकता है-

प्राचार्य 01 पद

परास्नातक स्तर पर एमए पाठ्यक्रम में हिंदी, शिक्षा शास्त्र, गृह विज्ञान विषयों में प्रवक्ता 02–02।

स्नातक स्तर पर बीए पाठ्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृह विज्ञान, भूगोल, प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, समाज शास्त्र विषयों में प्रवक्ताओं की 01–01 पद।

योग्यता एवं वेतनमान – यू.जी.सी., एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यथह्न विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करें।

प्रबंधक,
मो0– 8400080888, 9670897000

### न्यूज ब्रीफ

## दबंगों ने महिला को पीटा, गंभीर

**इकौना (श्रावस्ती), अमृत विचार :** इकौना क्षेत्र के ग्राम टंडवा महंथ में रविवार को दबंगों ने भूमि विवाद के मामले में महिला की पिटाई कर दी। गंभीर रूप घायल महिला को इकौना सीएचसी से जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर किया गया है। इकौना पुलिस को दिए तहरीर में पीड़िता संजू देवी (40) ने कहा है कि लंबे समय से पट्टे की भूमि को लेकर गांव के कुछ लोगों से उसका वाद चल रहा है। रविवार को आरोपी ट्रैक्टर से विवादित भूमि की जोताई करने लगा। इसका का विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी लाठी डंडे से पिटाई कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे इकौना सीएचसी पहुंचाया। यहां पर हालत गंभीर होने से चिकित्सकों ने उसे संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## छत से गिरकर युवक घायल, भर्ती

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा क्षेत्र के ग्राम खेदूपुरवा निवासी विष्णु (35) शनिवार की रात छत पर सो रहा था। रात में वह किसी काम से नीचे जाने के लिए उठा, लेकिन नींद में होने की वजह से उसका पैर सीढ़ी के बजाय नीचे पड़ गया और वह छत से नीचे गिर गया। परिजनों ने उसे एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया।

## पुलिया से गिरकर वृद्ध घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा क्षेत्र के ग्राम टंडवा निवासी अयोध्या प्रसाद (65) रविवार को शौच के लिए गए थे। वहीं पर भिनगा परसा मार्ग पर बनी पुलिया की रेलिंग पर बैठ गए। इसी बीच उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गए। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया।

## पेड़ काटते समय कटर मशीन से युवक घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी बजरंगी (45) रविवार को खेत में लगे यूकलिप्टस के पेड़ को कटर मशीन से काट रहा था। इसी बीच मशीन उसे हाथ से छूटकर पैर पर गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद अन्य लोगों ने उसे निजी वाहन से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया। यहां पर उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## श्री कृष्ण की बाल लीला सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**बहराइच, अमृत विचार :** श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण किया। कथावाचक रविगिरी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं एवं भक्तों के प्रति उनके प्रेम का सुंदर वर्णन किया। जहां भगवान ने मात्र 6 दिन के ही आयु में पूतना का वध किया जो अविद्या थी। कथा व्यास ने गोवर्धन जी की लीला का अद्भुत वर्णन किया। बताया कि इंद्र के अभिमान को चूर करने के लिए गोवर्धन पर्वत को भगवान मुकुंद माधव ने पूरे 84 कोस के गिरिराज जी को गौ, विप्र संत एवं पृथ्वी के सभी भक्तों के रक्षा के लिए अपनी उंगली पर ही धारण कर लिया था।



कथा कहते रविगिरी महाराज।

# कोई संदिग्ध दिखे तो दें पुलिस को सूचना: एसपी

## भारत-नेपाल सीमा के प्रथम गांव भरथापुर का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण, ग्रामीणों से की अपील



भरथापुर गांव में ग्रामीणों से बातचीत करते एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव साथ में सीओ प्रद्युम्न कुमार व अन्य। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** थाना सुजौली क्षेत्रान्तर्गत भारत-नेपाल सीमा पर स्थित प्रथम गांव भरथापुर का पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, स्थानीय परिस्थितियों एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा भरथापुर गांव के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, जिसे पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विस्थापित कराया गया था। वर्तमान में उक्त विस्थापित गांव का नवीन नाम भरतपुर है, जो थाना मोतीपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित है। पुलिस अधीक्षक द्वारा वहां निवासरत ग्रामीणों से संपर्क स्थापित कर उनकी वर्तमान स्थिति, समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गई।

इस दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया एसपी ने संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु ग्रमीणों से अपील की। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र में सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रद्युम्न सिंह, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी सुजौली एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फरियादियों से थाना प्रभारी स्वयं सुनें उनकी समस्याएं: विश्वजीत श्रीवास्तव

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा थाना सुजौली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी प्रार्थना पत्रों को विधिवत रजिस्टर में अंकित कर उनका समयबद्ध एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण में थाना प्रभारी द्वारा स्वयं फरियादियों से फीडबैक प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाना निरीक्षण के दौरान माल मुकदमाती को क्रमवार एवं वर्षवार सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने तथा संबंधित रजिस्टरों एवं अभिलेखों का अद्यतन एवं व्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मेस का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई बनाए रखने तथा निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, हवालात, बैरक एवं शौचालयों का अवलोकन कर समुचित स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता एवं संसाधनों के उचित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी उचित दिशा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उसका त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से उच्च कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। थााना परिसर स्थित मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा अभियान के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त थाने पर नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों से संवाद स्थापित कर उनके प्रशिक्षण, आवास एवं भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित गिरजा बैराज गार्द को भी चेक किया गया, जहां 02 पुलिसकर्मी अनुपस्थित पाए गए। उक्त कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जा रही है. एसपी ने अधिकारी व कर्मचारियों को अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए तथा कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## थानों में विशेष स्वच्छता व शस्त्र रख-रखाव को चलाया अभियान



शस्त्रों की साफ-सफाई करते पुलिस के जवान। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में आज जिले के समस्त थानों में विशेष स्वच्छता एवं शस्त्र रख-रखाव अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना परिसरों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता कार्य किया गया तथा थानों पर उपलब्ध शस्त्रों की विधिवत रख-रखाव एवं सफाई की गई।

उक्त अभियान का उद्देश्य थाना परिसरों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण सुनिश्चित करना, राजकीय अभिलेखों एवं कार्यालयी सामग्री का समुचित रख-रखाव करना तथा शस्त्रों की कार्यक्षमता, मारक क्षमता एवं क्रियाशीलता को बनाए रखना रहा, जिससे किसी भी आपात स्थिति में उनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार सभी थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारीगण द्वारा सामूहिक रूप से श्रमदान कर थाना कार्यालयों में रखे गए रजिस्टरों एवं अभिलेखों को व्यवस्थित किया गया। साथ ही मालखाना, बैरक एवं मेस की गहन सफाई की गई तथा परिसर में पड़ी अनावश्यक सामग्री को हटाकर वातावरण को स्वच्छ एवं कार्यानुकूल बनाया गया।

## देवरा में एक ही परिवार के चार भाइयों के घरों में लाखों की चोरी

बाबागंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के देवरा गांव में शनिवार रात चोरों ने एक ही परिवार के चार भाइयों के घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। सुबह जब परिवार के लोगों की आंख खुली तो घरों के दरवाजे खुले पड़े थे और कमरों के ताले टूटे मिले। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

पीड़ित परिवार के अनुसार चोर रात के समय घर में घुसे और अलग-अलग कमरों के ताले तोड़कर लाकर व बक्सों में रखे नकदी और जेवरात चोरी कर ले गए। कमरों के अंदर सामान बिखरा पड़ा मिला था।

पीड़ित ओमप्रकाश ने बताया कि उनके कमरे से सोने का बाला, मंगलसूत्र, हथिया तोड़ा, दो जोड़ी पायल तथा 23 हजार रुपये नगद चोरी हो गए। वहीं अमृत लाल ने बताया कि उनके कमरे से चार जोड़ी पायल, कमर फूल, मंगलसूत्र, डेढ़ लाख रुपये नकद चोर उठा ले गए। कुंज बिहारी ने बताया कि उनके कमरे से जेवरात तथा हजारों रुपये नकद चोरी हुए हैं। वहीं उषा देवी ने बताया कि जेवरात तथा 10 हजार रुपये नगद चोरी हो गए। परिजनों का कहना है कि कुल मिलाकर लगभग 15 से 18 लाख रुपये की चोरी हुई है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।



अलमारी का बिखरा सामान।

## जियो नेटवर्क ध्वस्त होने से बढ़ी मुसीबत

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में पिछले कई दिनों से रिलायंस जियो की मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। नेटवर्क न रहने से डिजिटल इंडिया के दौर में उपभोक्ताओं के जरूरी काम ठप पड़े हैं। समस्या से त्रस्त होकर अब बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिम पोर्ट कराने को मजबूर हो रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पूरे-पूरे दिन नेटवर्क गायब रहता है। अगर सिग्नल आता भी है, तो कॉल ड्रॉप और इंटरनेट की कछुआ चाल से लोग आजिज आ चुके हैं। ऑनलाइन बैंकिंग, पढ़ाई और व्यापारिक गतिविधियों पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। जियो के नेटवर्क की बदहाली पर क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और व्यापारियों ने कड़ा रोष जताया है।

परेशानी को लेकर चंदन त्रिपाठी ने बताया कि जियो का नेटवर्क अब सिर्फ नाम का रह गया है। सारा दिन फोन 'नो सर्विस' दिखाता है। जरूरी कॉल तक नहीं हो पातीं, जिससे मानसिक परेशानी बढ़ गई है। वहीं अखिलेश मिश्र (शिक्षक) ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षण और विभागीय कार्यों के लिए नेटवर्क अनिवार्य है, लेकिन पयागपुर में जियो ने हाथ खड़े कर दिए हैं। हम जैसे कई शिक्षक अब सिम पोर्ट कराने का मन बना चुके हैं। उधर, आलोक अग्रवाल (व्यापारी) का कहना है कि आजकल सारा व्यापार डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन ऑर्डर पर टिका है। नेटवर्क न होने से ग्राहकों को भुगतान करने में दिक्कत होती है, जिससे व्यापार चौपट हो रहा है। इसी क्रम में उमेश तिवारी (बसपा नेता) का कहना है कि कंपनी बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन धरातल पर सेवा शून्य है। बार-बार शिकायत के बाद भी सुधार नहीं हो रहा। अब सिम बदलना ही एकमात्र रास्ता बचा है।

क्षेत्र के मोबाइल दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में पोर्टिंग कोड जनरेट कराने वाले ग्राहकों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। लोग जियो छोड़कर अन्य निजी कंपनियों या बीएसएनएल की ओर रुख कर रहे हैं। वहीं बहराइच के जियो के नेटवर्क हेड मतिंदर नाथ यादव से बात की गई तो उन्होंने नेटवर्क की समस्या मानने से इंकार कर दिया और कहा कि सबकुछ ऑल इज वेल है।



चंदन त्रिपाठी।



अखिलेश मिश्र।



आलोक अग्रवाल।



उमेश तिवारी।

- **पयागपुर के उपभोक्ता परेशान सिम पोर्ट कराने की लगी होड़**

## 70 फीसदी हुआ संजय सेतु पुल का मरम्मत कार्य

**जरवल रोड (बहराइच), अमृत विचार।** लखनऊ-बाराबंकी-बहराइच मार्ग पर घाघरा नदी के ऊपर बने संजय सेतु पुल का मरम्मत कार्य तेजी से कराया जा रहा है। पुल की मरम्मत में लगी एनएचआई की टीम दिन-रात कार्य में जुटी हुई है ताकि जल्द से जल्द आवागमन सुचारु कराया जा सके। एनएचआई के इंजीनियर विपुल श्रीवास्तव ने बताया कि पुल पर लगभग 70 प्रतिशत बेरिंग बदलने का कार्य पूरा कर लिया गया है। डाउनसाइड पर मस्टिक व एक्सपेंशन का कार्य भी पूर्ण हो चुका है, जबकि अप लाइन पर एक्सपेंशन का कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने बताया कि पुल पर प्रथम लेयर मास्टिक बिछाने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। मरम्मत कार्य के अगले चरणों को तेजी से पूरा करने के लिए विभागीय टीम लगातार निगरानी कर रही है। संजय सेतु पुल की मरम्मत के चलते इस मार्ग पर यातायात प्रभावित है, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



पुल के मरम्मत कार्य का जायजा लेते अधिकारी।

## पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

**खैरीघाट (बहराइच)।** जिले में जूनियर हाईस्कूल बरदहा बाजार में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ खंड शिक्षा अधिकारी शिवपुर, राम तिलक वर्मा द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री पद पर पुनः निर्वाचित डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार एवं जिला संयुक्त मंत्री डॉ. शिवकुमार यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिवपुर, प्राथमिक शिक्षक संघ शिवपुर तथा जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ शिवपुर के पदाधिकारियों सहित विकास खंड के एआरपी योगेश त्रिपाठी, रावेन्द्र चौधरी एवं पवन दुबे ने विकास खंड शिवपुर का नाम रोशन करने वाले शिक्षकों को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अरविन्द कुमार वर्मा एवं धर्मवीर भारती ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री राधेश्याम कनौजिया एवं संरक्षक हसीब अहमद खान ने अपने संबोधन में शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए मार्गदर्शन दिया। पुनः निर्वाचित महामंत्री डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि जिला कार्यकारिणी, जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में, शिक्षकों के हितों के लिए पूर्णतः समर्पित रहेगी। कार्यक्रम का संचालन मंत्री रणजीत श्रीवास्तव ने किया, जबकि समापन पर अध्यक्ष रविशंकर शुक्ल ने सभी उपस्थित शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक सरोजिनी मिश्रा, संरक्षक ओम प्रकाश मौर्य, कोषाध्यक्ष प्रेमकान्त यादव, संयुक्त मंत्री गौरव गोयल, दिलीप सिंह, हेमन्त यादव, अमित कुमार, सुमित कुमार, परमेश उपाध्याय, नीतू, सत्येन्द्र यादव, असगर खान, डॉ. शरद यादव, महिपाल सिंह, शादाब रजा, अब्दुल रहीम, नीरज मणि त्रिपाठी, ललित कुमार सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।



सम्मानित किए शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

## हैंडपंप सूखे, कैसे बुझे लोगों की प्यास

पयागपुर (बहराइच)

**समस्या**

**अमृतविचार।** आसमां से सूरज की तपिश के साथ चल रही लूं की गर्म हवाओं से राहत पहुंचाने में पानी कुछ हद तक मददगार साबित होता है। गर्मी का दौर शुरू होते ही सरकारी मशीनरी जनजीवन को राहत प्रदान करने के इंतज़ाम की तैयारियों में जुट जाती है। लेकिन यह सब महज कागजी बातें है, हकीकत से इसका दूर तक लेना देना नही।क्षेत्र के व्यस्ततम जगहों पर लोगों के पीने के लिये लगे इंडिया मार्का हैंडपंप सफेद हाथी साबित हो रहे है। जिनकी बदहाली पर जिम्मेदारों ने चुप्पी साध रखी है।नतीजन प्यास बुझाने के लिये लोगों को पैसे खर्च कर पानी की बोतल और पाउच खरीदना पड़ रहा है।सरकारी कागजों में आल इज वेल हैंडपंपों की पड़ताल पर प्रस्तुत है अमृत विचार से दिलीप पाण्डेय की रिपोर्ट



सूख पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

**केस-1**-रेलवे गेट के पास हनुमान मंदिर पर लगा इंडिया मार्का हैंडपंप वर्षों से खराब है। हालात यह है कि यह नल सबसे मुख्य स्थान पर लगा है रेलवे फाटक बंद होने पर लोगों को पानी पीने के आवश्यकता होती है।

**केस-2**-नगर क्षेत्र स्थित भूपगंज बाजार के मध्य अशोक मालानी के घर के सामने लगा इंडिया मार्का हैंडपंप पिछले कई माह से खराब है। लोगों के आवागमन के चलते व्यस्ततम जगह पर लगा यह हैंडपंप सूखा पड़ा है।

**केस-3**-पैतौरा चौराहा पर सम्मय माता मंदिर के पास लगे इंडिया मार्का हैंडपंप से पानी की उम्मीद बेमानी साबित हो रही है। कई बार नगर पंचायत कर्मियों से कहने के बावजूद स्थित में कोई सुधार नहीं हुआ।

**केस-4**-पशु चिकित्सालय में लगा हैंडपंप लगभग आठ माह से खराब है।जानवरों का उपचार कराने आ रहे लोग प्यास बुझाने के लिए भटकते देखे जा रहे हैं।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से दंपति व तीन बेटियां घायल

इकौना (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** नवीन मॉडर्न थाना कटरा क्षेत्र अंतर्गत बौद्ध परिपथ स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास रविवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार इकौना थाना क्षेत्र के सेमगढ़ा निवासी फरमान पुत्र जाकिर हुसैन, उसकी पत्नी रुखसाना व बेटियां सबा, समा व सना घायल हो गई। फरमान सभी को एक ही बाइक पर बैठाकर अमारेभरिया गांव अपनी ससुराल जा रहा था। सभी घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना लाया गया, जहां रुखसार की हालत गंभीर देखकर उसे जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया।

**ई-रिक्शा व बाइक की भिड़ंत में दो घायल, बदला चौराहा (श्रावस्ती):** हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के ग्राम केवटनपुरवा निवासी राज निषाद (25) रविवार को बाइक से गिरंट बाजार जा रहा था। नानपारा-बदला मार्ग पर कहारन पुरवा गांव के निकट सामने से आ रहे ई रिक्शा से राज की बाइक टकरा गई। इससे ई रिक्शा पलट गया, जिसमें सवार बहराइच जिले के बेलभरिया गांव निवासी अरबाज खान (35) गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने बाइक सवार राज को निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया, जबकि घायल अरबाज को निजी वाहन से बहराइच मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

## प्रदेश में 403 सीट पर चुनाव लड़ेगी लोजपा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** प्रदेश में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार की हलचल के बीच श्रावस्ती मे लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की भिनगा में संगठन समीक्षा बैठक हुई। इसने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (बिहार) अशरफ अंसारी ने बड़ा सियासी दावा करते हुए कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में यूपी की सभी 403 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रही है। सीट बंटवारे और भाजपा के साथ गठबंधन के सवाल पर अशरफ अंसारी ने स्पष्ट किया कि पार्टी अपनी मजबूत सीटों की सूची तैयार कर रही है। पार्टी अपनी रणनीति पर काम कर रही है और यदि आवश्यकता पड़ी, तो हम बीजेपी से अलग होकर भी प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि अंतिम निर्णय पार्टी का शीर्ष नेतृत्व (चिराग पासवान) ही लेगा। पार्टी नेताओं ने हुंकार भरते हुए कहा कि चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' विजन की तर्ज पर अब उत्तर प्रदेश में भी युवाओं और रोजगार को केंद्र में रखकर एक बड़ा विजन तैयार किया जाएगा। इस दौरान बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज पाठक, जिला अध्यक्ष राहुल पासवान, जटाशंकर वाल्मीकि, चंद्र गणेश और मधु आदि रहीं।



समीक्षा बैठक में मौजूद लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

## आप कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती), अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र की एक बैठक रविवार को इकौना के दीननामगढ़ के छहडगरा पर आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता श्रावस्ती विधान सभा अध्यक्ष अजय तिवारी ने की। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी आशीष ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की बात कही। बैठक का संचालन विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अखिलेंद्र मणि त्रिपाठी जी ने किया। इस दौरान जिला प्रभारी अरुण कुमार सिंह, जिला महासचिव मंगलेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष विजय पाण्डेय सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**आक्रोश** सांसद के आवास का घेराव व पैदल मार्च कर विपक्षियों के विरोध में नारेबाजी की

# महिला आरक्षण बिल पास न होने पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

इकौना (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** भाजपा की महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने रविवार को महिला आरक्षण बिल के समर्थन में सांसद के आवास का घेराव किया। साथ ही चौक बाजार में पैदल मार्च कर सांसद व अन्य विपक्षियों के विरोध में नारेबाजी की।

महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए भाजपा की ओर से संसद में पेश किए गए बिल के न पास होने पर भाजपाइयों में आक्रोश है। भाजपा के श्रावस्ती व बलरामपुर की महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने सपा सांसद राम शिरोमणि वर्मा के आवास का घेराव किया। महिला मोर्चा बलरामपुर की जिला महामंत्री ललिता तिवारी व जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर आरती तिवारी के नेतृत्व में महिला पदाधिकारी कटरा क्षेत्र के चौक बाजार से सांसद के आवास तक बैनर व हाथ में तख्तियां लेकर पैदल मार्च किया। इसके बाद सांसद के घर के बाहर श्रावस्ती की नारी सशक्त नारी, नारी का सम्मान करो नारी का सम्मान करो, हम लोगों ने ठाना है नारी की जिम्मेदारी निभाना है, जो हमसे टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा सहित अन्य नारों का उद्घोष किया। जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर ने कहा कि पार्टी में बूथस्तर से लेकर राष्ट्रीयस्तर तक महिलाओं को सक्रिय और सम्मानजनक भागीदारी दी जाती है। महिला मोर्चा देशभर में नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है। वहीं, श्रावस्ती जिला कार्य समिति सदस्य अर्चना बाजपेयी ने कहा कि चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर महिलाओं की लंबी कतार इस बात का प्रमाण हैं कि भारत की महिलाएं अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक हैं। इस मौके पर संध्या मुखर्जी, कमलेश श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव, रामावती आदि मौजूद रहीं।




सांसद के आवास का घेराव करती जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर आरती तिवारी व भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी। अमृत विचार

### चार माह से वेतन न मिलने पर आशा बहुओं और संगिनी ने किया प्रदर्शन

**बलहा (बहराइच) अमृत विचार।** नानपारा के रूपईडीहा रोड स्थित सीतापुर आंख अस्पताल के सामने रविवार के दिन सुबह करीब 11 बजे कई ब्लाकों की आशा बहु और संगिनी एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सभी आशाओं का प्रोत्साहन राशि एवं संगिनी का मानदेय पिछले 4 माह से नहीं दिया गया है लेकिन अधिकारियों द्वारा लगातार उन पर काम करने का दबाव बनाया जा रहा है जबकि हम सभी आशा भुखमरी के कगार पर आ गये हैं। कुछ प्रोत्साहन राशि तो पिछले 2 वर्षों से नहीं मिला है जब भुगतान का मांग करो तो उलटे अधिकारीयों द्वारा हटाये जाने की धमकी दी जा रही है और ब्लाक से लेकर जनपद स्तरीय अधिकारीयों को भी अवगत कराया जा चूका है लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। प्रदर्शन ने निम्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया जिनमें उन्होंने बताया कि फाइलेरिया तथा कुष्ठ अभियान प्रोग्राम का मानदेय भुगतान बकाया 2 वर्षों से नहीं दिया गया है तथा टी बी आई तथा आयुष्मान गोल्डेन कार्ड का भी लंबित है। का मानदेय भुगतान बकाया 2 वर्षों से है। आशा बहुओं ने बताया कि हमारी मांगों को समय से पूरा किया जाय अन्यथा हम सभी आशा एवं संगिनी आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। इस आंदोलन में नवाबगंज, रिसिया, मटेरा, नानपारा, नवाबगंज, मिहींपुरवा की कार्यकर्ता मौजूद रहीं। इस अवसर पर पूनम देवी रिसिया, मंजुला मिहिपुरवा, पुष्पा वर्मा अध्यक्ष नवाबगंज, नानपारा सुमन मिश्र, सुशीला देवी, गुंजा देवी, अर्पिता, शांति, गीता, निरमा, मसीहा, उषा, सरिता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहीं।



प्रदर्शन करतीं आशा बहुएं और संगिनी।

